


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से प्रकाशित





डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17



5 रोहित-विराट बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ए-प्लस ग्रेड... | सम्पादकीय: हादसों से नहीं ली जा रही सीख | भारत के लिए हॉकी में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली... 5



वर्ष 12 अंक 34 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, बुधवार 02 अप्रैल 2025 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटने से एमपी के 18 मजदूरों की मौत, 3 गंभीर घायल

### दो दिन पहले ही मजदूरी करने पहुंचे थे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्य प्रदेश के 18 मजदूरों की मौत हो गई। 3 की हालत गंभीर है। वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं।

फैक्ट्री डीसा तहसील के धुनवा रोड पर है। मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे।



2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए आए थे हादसे के शिकार सभी मृतक और घायल मजदूर मध्य प्रदेश के हरदा जिले के हंडिया गांव के रहने वाले हैं। फैक्ट्री से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए यहां आए थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है।

डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है। पटाखे बेचने का लाइसेंस था, बनाने का नहीं दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे। हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

घायल ने कहा- तेज धमाका हुआ और हम बेहोश हो गए दैनिक भास्कर की टीम ने पालनपुर के बनास मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजे गए विजय नाम के एक मजदूर से बात की। विजय ने कहा, हम फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे थे, तभी अचानक ब्लास्ट हुआ। हमें पता ही नहीं चला कि आखिर क्या हुआ था, बहुत तेज धमाका हुआ और हम बेहोश हो गए। जब मैंने अपनी आंखें खोलीं तो मेरे चारों ओर आग थी। हम झुलसी हालत में ही किसी तरह फैक्ट्री से बाहर भागे।

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को मकान गिराने पर फटकार लगाई

### कहा- यह अमानवीय 10-10 लाख मुआवजा देने का आदेश

आर.एन.एस

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रयागराज के बुलडोजर एक्शन ने झकझोर दिया, 2021 में घर गिराने पर कहा- यह अमानवीय; 10-10 लाख मुआवजा देने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को मकान गिराने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने अधिकारियों के बुलडोजर एक्शन को अमानवीय और अवैध बताया। साथ ही कहा- 2021 में हुई इस कार्रवाई के दौरान दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ख्याल नहीं रखा गया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा- देश में लोगों के रिहायशी घरों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता है। इसने हमारी अंतरआत्मा को झकझोर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राइट टु शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। इस तरह की कार्रवाई किसी भी तरह से ठीक नहीं है।



प्रयागराज प्रशासन ने 2021 में गैंगस्टर अतीक की प्रॉपर्टी समझकर एक वकील, प्रोफेसर और 3 अन्य के मकान गिरा दिए थे। सुप्रीम कोर्ट में वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों ने याचिका दाखिल की थी। ये वो लोग हैं, जिनके मकान तोड़े गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकी याचिकाएं ठुकरा दी थीं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को आदेश दिया कि जिनके मकान गिराए गए हैं, उन्हें 6 हफ्तों के भीतर 10-10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जल भुइयां ने यूपी के अंबेडकर नगर में 24 मार्च की घटना का जिक्र करते हुए कहा, अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक तरफ झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था तो दूसरी तरफ एक 8 साल की बच्ची अपनी किताब लेकर भाग रही थी। इस तस्वीर ने सबको शॉक्ड कर दिया था। गैंगस्टर अतीक की जमीन समझ 5 मकान गिराए थे सुप्रीम कोर्ट में जब पहले इस केस की सुनवाई हुई तो पीड़ितों की तरफ से वकील अभिमन्यु भंडारी ने दलील दी। उन्होंने कहा था, अतीक अहमद नाम का एक गैंगस्टर था, जिसकी 2023 में हत्या कर दी गई थी। अफसरों ने पीड़ितों की जमीन को अतीक की जमीन समझ लिया। उन्हें (राज्य को) अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिए।÷इस दलील पर यूपी सरकार ने कहा था कि हमने याचिकाकर्ताओं को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया था।

इस बहस से जस्टिस ओका सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा, नोटिस इस तरह क्यों चिपकाया गया? कूरियर से क्यों नहीं भेजा गया? कोई भी इस तरह नोटिस देगा और तोड़फोड़ करेगा? ये तोड़फोड़ का एक ऐसा मामला है, जिसमें अत्याचार शामिल है।

## ओडिशा में आयुष्मान योजना अगले दो हफ्ते में लागू होगी : मुख्यमंत्री माझी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अगले दो हफ्ते में लागू कर दी जाएगी।

कटक जिले में आयोजित ओडिशा दिवस समारोह में माझी ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले इस योजना को एक अप्रैल को गोपबंधु जन आरोग्य योजना के साथ लागू करने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इसके क्रियान्वयन की तारीख बदल दी गई।

हालांकि, मुख्यमंत्री ने तिथि में बदलाव की वजह नहीं बताई। उन्होंने दावा किया कि राज्यभर में करीब 3.52 करोड़ लोग इस स्वास्थ्य योजना के दायरे में आएंगे।

आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को देशभर के 29,000 अस्पतालों में 'नकदी रहित' इलाज की सुविधा मिलती है।माझी ने कहा कि इस योजना में सिर्फ ओडिशा ही नहीं, बल्कि राज्य के बाहर के अस्पताल भी शामिल होंगे और वे जरूरत पड़ने पर विशेष देखभाल भी प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि ओडिशा की पिछली बीजू जनता दल (बीजद) सरकार ने राज्य में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, ग्रामीण समुदायों और अन्य लोगों को लाभ मिलेगा, जो महंगी चिकित्सा देखभाल का खर्च उठाने में संघर्ष करते हैं।

माझी ने कहा कि पिछली बीएसकेवाई (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना) में जहां केवल 900 अस्पताल शामिल थे, वहीं आयुष्मान भारत योजना के दायरे में 29,000 अस्पताल आते हैं।





## येशु-येशु वाले बजिंदर सिंह को रेप केस में उम्रकैद

### कोर्ट में गिड़गिड़ाकर बोला- बच्चे छोटे, पत्नी बीमार कोर्ट ने दलीलें ठुकराई

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** येशु-येशु वाले बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले पादरी बजिंदर सिंह को मोहाली कोर्ट ने मंगलवार को 7 साल पुराने रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। सजा से बचने के लिए पादरी बजिंदर कोर्ट में गिड़गिड़ाने लगा- मेरे बच्चे छोटे हैं। पत्नी बीमार है। मैं सोशल आदमी हूं। मेरी टांग में रॉड डली हुई है, मुझ पर रहम किया जाए। मगर कोर्ट ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया। बजिंदर को कोर्ट ने 3 दिन पहले दोषी करार दिया था। इसके बाद उसे पटियाला जेल भेज दिया गया था। बजिंदर पर आरोप है कि वह विदेश में बसाने का लालच देकर महिला को अपने घर ले गया। वहां उसका रेप करके वीडियो बनाया। उसे धमकी भी दी कि अगर विरोध किया तो वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल देगा। पीड़ित के वकील ने बताया कि बजिंदर अंतिम सांस तक जेल में रहेगा। पीड़ित ने कहा- ये केस 7 साल से दबा हुआ था, लेकिन वकीलों, पुलिस और कोर्ट ने इसमें जान डाल दी। सजा ऐसे समय पर हुई है, जब बजिंदर सिंह एक और यौन उत्पीड़न और एक अन्य महिला से मारपीट के मामलों में फंसा हुआ है।

## राजस्थान में फैक्ट्री से गैस-लीक मालिक सहित 3 की मौत

### 60 से ज्यादा हुए थे बेहोश, 2 की हालत गंभीर, इलाके को खाली करवाया

आर.एन.एस

**ब्यावर।** ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित 3 की मौत हो गई। दो लोगों की हालत अब भी गंभीर है। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों ब्यावर और अजमेर सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। गैस के असर से कई पालतू जानवर और आवारा कुत्तों की भी मौत हुई है। घटना ब्यावर थाने के बाड़िया क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात 10 बजे की है। फैक्ट्री के नजदीक के कई घरों को खाली करवाया गया है। इस हादसे में कंपनी मालिक सुनील सिंघल (47) की मौत हो गई। वो रातभर गैस को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अजमेर जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया गया था। सोमवार रात को ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, मंगलवार सुबह दो और पीड़ित नरेंद्र सोलंकी (40) और दयाराम (52) ने भी दम तोड़ दिया। जेएलएन में दो मरीज अब भी गंभीर हालत में एडमिट हैं। इनमें ब्यावर निवासी बाबूलाल (54) पुत्र कालूजी, लक्ष्मी देवी (62) पत्नी कैलाश शामिल हैं। जानकारी के अनुसार कंपनी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस का रिसाव हुआ। रिसाव इतना तेज था कि कुछ सेकेंड में ही गैस आसपास के रिहायशी इलाके में फैल गई। घरों के अंदर मौजूद लोग भी इसकी चपेट में आ गए। लोगों को दम घुटने के साथ आंखों में जलन की भी परेशानी हुई। मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने पीड़ितों को हॉस्पिटल पहुंचाया।




## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर, 1 आतंकी मारा गया

### पंजतीर्थी मंदिर के पास छिपे 2 की तलाश जारी, 9 दिन में तीसरी मुठभेड़

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास सोमवार रात से चल रही मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है। हालांकि, सुरक्षाबलों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सेना के राइजिंग स्टार कॉर्प्स के मुताबिक 31 मार्च की रात इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली, जिसके बाद सेना ने राजबाग के रुई, जुथाना, घाटी और सान्याल के जंगली इलाकों के साथ-साथ बिलावर के कुछ हिस्सों में सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया। पंजतीर्थी में आतंकियों की तरफ से फायरिंग के बाद एनकाउंटर शुरू हो गया।

सुरक्षाबलों ने रातभर इलाके की घेराबंदी की, ताकि जंगल में छिपे 3 आतंकी भाग न सकें। हालांकि, मंगलवार सुबह 7 बजे के बाद फायरिंग रुकी है। कश्मीर पुलिस, हस्त्र, सीआरपीएफ और बीएसएफ स्निफर डॉग्स और ड्रोन की मदद से आतंकियों की तलाश कर रही है।



### 9 दिन में तीसरी मुठभेड़, हीरानगर में सबसे पहले दिखे थे आतंकी

बीते 9 दिनों में कठुआ में सुरक्षाबलों की आतंकियों से यह तीसरी मुठभेड़ है। पहली मुठभेड़ 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में हुई थी। सुरक्षाबलों को जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी, लेकिन वे भागने में कामयाब रहे थे।

## इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद :अलाहबादिया को नहीं मिलेगा पासपोर्ट

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद में पॉडकास्टर रणवीर अलाहबादिया की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रणवीर ने अपने खिलाफ दर्ज अलग-अलग स्नढ्ढक्र को एक जगह क्लब करने की मांग की थी।

इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सुनवाई की। अलाहबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ कोर्ट में उनका पक्ष रखा। चंद्रचूड़ ने कोर्ट से उनका पासपोर्ट जमा करने से जुड़ी शर्त में छूट देने की मांग की।

बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जांच की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी। इसके जस्टिस सूर्यकांत ने कहा अगर अलाहबादिया को जल्दी-जल्दी ट्रैवल करने की परमिशन दी जाती है तो इससे जांच प्रभावित होगी। जब जरूरत होगी तो आप वहां नहीं होंगे।

अलाहबादिया के वकील ने कहा कि देश-विदेश की बड़ी पर्सनैलिटी का इंटरव्यू करना ही उनकी आजीविका है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उम्मीद है जांच दो हफ्ते में पूरी कर लेंगे। इसलिए अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी।

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट रणवीर अलाहबादिया ने पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर स्नढ्ढक्रदर्ज की गई थी। इसके खिलाफ यूट्यूबर ने सुप्रीम कोर्ट में 14 फरवरी को याचिका दायर की थी।



रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में 3 बातें कही थीं। पहली- देशभर में दर्ज एफआईआर पर एक जगह सुनवाई। दूसरा- गिरफ्तारी से राहत मिले। तीसरी बात यह थी कि उन्हें धमकाया जा रहा है। अलाहबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अपने मुवक्किल की याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि एक-दो दिन में उनकी याचिका पर सुनवाई की जाएगी।

## म्यांमार भूकंप- मरने वालों का आंकड़ा 2700 के पास, 441 लोग अब भी लापता

आर.एन.एस

**नेपीदा।** म्यांमार में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,719 हो गई है। सैन्य सरकार के मुताबिक ये आंकड़ा 3000 के पास जाने की आशंका है। वहीं, घायलों की संख्या 4500 से ज्यादा हो गई है। 441 लोग अब भी लापता हैं।

आपदा के बाद सोमवार को 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। सैन्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 6 अप्रैल तक देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे।

म्यांमार और थाईलैंड में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था। यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने यह आशंका जताई है कि मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है।

मंगलवार को भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री लगभग 40 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंचे। इससे पहले 30 मार्च को आईएनएस कर्मुक और एलसीयू 52 श्रीविजयपुरम से 30 टन राहत सामग्री के साथ रवाना हुए थे। ये भी आज यांगून पहुंच गए।

राहत कार्यों को और मजबूत करते हुए, भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस घड़ियाल लगभग 440 टन राहत सामग्री लेकर भेजा जा रहा है, जिसमें चावल, खाद्य तेल और दवाइयां शामिल हैं।



## जोधपुर जेल में आसाराम ने सरेंडर किया

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** नाबालिग से रेप करने वाला आसाराम ने जोधपुर जेल में सरेंडर कर दिया है। पैर में प्लास्टर बांधकर पहुंचे आसाराम की अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो गई है। आसाराम के वकील ने जमानत अवधि बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की है, जिस पर कोर्ट 2 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

कोर्ट में 29 से 31 मार्च तक छुट्?टी के बाद मंगलवार को आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने सुनवाई का आग्रह किया था। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद आसाराम को 3 महीने की अंतरिम जमानत दी गई है।



राजस्थान हाईकोर्ट के वकील दिनेश जैन ने बताया- आसाराम की ओर से अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने के आवेदन पर बुधवार को सुनवाई होगी। यदि कोर्ट अंतरिम जमानत की अवधि नहीं बढ़ाती है तो आसाराम को जेल में ही रहना होगा। जब तक दोनों ही मामलों में उसे राहत नहीं मिलती है, तब तक वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा।

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज 12 बजे पेश होगा

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जाएगा।

बिजनेस एडवाइजरी कमेटी ने जब इस बात की जानकारी दी, तब विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है।

हालांकि विपक्ष ने बीएसी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया।

समाजवादी पार्टी सुप्रीमो और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हम बिल का विरोध करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ में सुधार समय की मांग है। वक्फ संशोधन बिल पर आज भी लोकसभा में हंगामा हुआ। प्रश्नकाल खत्म होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी।

# फिज़िक्सवाला ने जयपुर में नया पीडब्लू ट्यूशन सेंटर शुरू किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुरः** फिज़िक्सवाला ने जयपुर के वैशाली नगर में अपना नया पीडब्लू ट्यूशन सेंटर शुरू किया है। इस सेंटर पर कक्षा 8, 9 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों को अध्ययन में सहयोग दिया जाएगा। यहाँ पर साईस, मैथमैटिक्स, सोशल साईस और हिंदी आदि विषय पढ़ाए जाएंगे। ट्यूशन सेंटर का पाठ्यक्रम सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के अनुरूप बनाया गया है।

पीडब्लू ट्यूशन सेंटर पर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त होता है, ताकि वो आत्मविश्वास और मजबूती के साथ परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। साथ ही, इस सेंटर पर नवंबर के मध्य तक सीबीएसई कक्षा 10 का पाठ्यक्रम पूरा करा दिया जाएगा। आईसीएसई कक्षा 10 का पाठ्यक्रम दिसंबर के मध्य तक पूरा करा दिया जाएगा। रिवीज़न और अतिरिक्त मार्गदर्शन परीक्षाओं तक चलता रहेगा। कक्षा 8 और कक्षा 9 के सत्र अंतिम परीक्षाओं तक चलेंगे। ट्यूशन सेंटर में हर हफ्ते पाँच दिन कक्षाओं का संचालन शाम 4 बजे से शाम 7◭30 बजे तक किया जाएगा तथा हर हफ्ते 15 व्याख्यान रखे जाएंगे।

फिज़िक्सवाला के सीईओ, अंकित गुप्ता ने कहा, ''पीडब्लू विद्यापीठ लंबे समय से कक्षा 8, 9 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता आ रहा है। यहाँ पर इंजीनियरिंग और मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी के अनुरूप उन्हें पढ़ाया जाता है। अब पीडब्लू ट्यूशन सेंटर्स के साथ हम विद्यार्थियों के लिए ज्यादा समावेशी वातावरण स्थापित कर रहे हैं। इन ट्यूशन सेंटर्स में हर तरह के करियर की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का अध्ययन का संपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा। यहाँ पर उन्हें अपनी पसंद के करियर के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।''

विद्यार्थियों को तीन दिन ऑफलाईन लाईव क्लासेज़ (मैथमैटिक्स एवं साईस) और दो दिन ऑनलाईन क्लास (सोशल साईस, इंग्लिश और हिंदी) कराए जाएंगे। उन्हें क्लास की रिकॉर्डिंग, नोट्स, सीबीएसई/आईसीएसई मॉड्यूल, सोशल साईस मैप बुक और फैकल्टी प्रेज़ेंटेशन उपलब्ध कराए जाएंगे। ऑफलाईन पैरेंट-टीचर मीटिंग्स (पीटीएम) का आयोजन भी किया जाएगा। विद्यार्थियों को सीबीएसई/आईसीएसई पैटर्न के अनुसार चैप्टर असाईनमेंट्स, टेस्ट, और मॉक अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का लाभ भी मिलेगा। पाठ्यक्रम में नजदीकी पीडब्लू विद्यापीठ की फैकल्टी द्वारा एक्टिविटी-बेस्ड लर्निंग, इन-क्लास एक्सपेरिमेंट, और एएसएल एसेसमेंट भी शामिल है।

साथ ही इस सेंटर पर इन-ऐप रिसोर्सेज़, जैसे ऐप लाईब्रेरी, इंग्लिश, हिंदी और सोशल साईस के लिए लाईव क्लासेज़ तथा फाउंडेशन पिटारा भी उपलब्ध कराए जाएंगे। विद्यार्थियों को हस्तलिखित नोट्स, शॉर्ट नोट्स और हाथों से बनाए गए चित्रों द्वारा अध्ययन में सहयोग दिया जाएगा।

# फोर्टिस एस्कॉर्ट्स जयपुर के विशेषज्ञों का कहना है कि समय रहते पता लगाना और जीवनशैली में बदलाव करके कोलोरेक्टल कैंसर से बचा जा सकता है

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** विश्व कोलोरेक्टल कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल जयपुर ने भारत में कोलोरेक्टल कैंसर के बढ़ते मामलो पर ज़ोर दिया और समय रहते पता लगाने और प्रिवेंशन के महत्व पर ज़ोर दिया। कोलोरेक्टल कैंसर, जो बृहदान्त्र या मलाशय में विकसित होता है, भारत में तीसरा सबसे आम कैंसर बन गया है, जिसकी घटनाओं की दर लगातार बढ़ रही है। राष्टीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार, 1990 में प्रति 100,000 लोगों पर 4.4 से बढ़कर 2022 में प्रति 100,000 पर 7.9 हो गए हैं, जीवनशैली में बदलाव, अस्वास्थ्यकर आहार और जागरूकता की कमी ने बढ़ने में योगदान दिया है।

कोलोरेक्टल कैंसर के उपचार की गंभीरता को कम करने और बचने की दर को बेहतर बनाने में समय रहते पता लगाना महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चूंकि यह बीमारी अक्सर अपने शुरुआती चरणों में बिना किसी लक्षण के बढ़ती है, इसलिए कोलोनोस्कोपी और मल-आधारित परीक्षण जैसी नियमित जांच से कैंसर से पहले के पॉलीप्स या शुरुआती चरण के ट्यूमर की पहचान करने में मदद मिल सकती है, जिससे सफल उपचार की संभावना काफी बढ़ जाती है। बढ़ते कोलोरेक्टल कैंसर के मामलो से निपटने के लिए जन जागरूकता, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर चिकित्सा उपचार महत्वपूर्ण हैं। डॉ. संदीप जैन, डायरेक्टर एवं हेड, गैस्ट्रो सर्जरी फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर ने कहा, कोलोरेक्टल कैंसर उन कुछ कैंसर में से एक है, जिन्हें समय पर जांच और स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण से काफी हद तक रोका जा सकता है। बहुत से लोग शुरुआती लक्षणों जैसे कि मल त्याग की आदतों में बदलाव, मल में खून आना या लगातार पेट में तकलीफ़, को अनदेखा कर देते हैं, जिससे निदान में देरी होती है और उपचार जटिल हो जाता है। नियमित कोलोनोस्कोपी, विशेष रूप से 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों या जिनके परिवार में पहले से ही कैंसर है, कैंसर में विकसित होने से पहले ही कैंसर से पहले की वृद्धि का पता लगा सकते हैं। जांच के साथ-साथ, फाइबर युक्त आहार का सेवन, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और तंबाकू और अत्यधिक शराब से बचना जैसे सरल जीवनशैली में बदलाव जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। जागरूकता और समय पर हस्तक्षेप अनगिनत लोगों की जान बचा सकता है, और यह आवश्यक है कि लोग अपने पाचन स्वास्थ्य को उसी तरह प्राथमिकता दें, जैसे वे अन्य प्रमुख बीमारियों के साथ करते हैं। डॉ संदीप जैन ने कोलोरेक्टल कैंसर की रोकथाम और शुरुआती पहचान के लिए प्रमुख उपायों की रूपरेखा भी बताई फलों, सब्जियों और साबुत अनाज के साथ फाइबर युक्त आहार और लाल और प्रसंस्कृत मांस का सेवन कम करने से कैंसर का खतरा कम होता है। ? नियमित शारीरिक गतिविधि प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है और मोटापे के जोखिम को कम करती है, जो कोलोरेक्टल कैंसर का एक प्रमुख कारक है।

कोलोरेक्टल कैंसर के पारिवारिक इतिहास वाले व्यक्तियों को व्यक्तिगत निवारक रणनीतियों के लिए डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।

? मल त्याग की आदतों में लगातार बदलाव, मल में खून आना, बिना किसी कारण के वजन कम होना या लंबे समय तक पेट में दर्द को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए।

# मन के हारे हार है, मन के जीते जीत..जैसे सोशल कैंपेन से बढ़ रहा बच्चों का आत्मविश्वास

## सुपर टीचर, एजुकेशन विंडो और बॉलीवुड डायलॉग्स से परीक्षा का तनाव दूर करने के प्रयास

### बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों को स्ट्रेस फ्री रखकर बेहतर तैयारी कराने की अनूठी पहल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

डॉ. राम भजन कुमावत

**जयपुर।** 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। इस दौरान छात्रों का आत्मविश्वास बनाए रखना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता है। परीक्षा के तनाव को कम करने और छात्रों को पूरी तरह से तैयारी पर केंद्रित रखने के लिए विभाग ने एक अनूठी पहल की है, जिसे सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रमोट किया जा रहा है।

इस कैंपेन के तहत सुपर टीचर, एजुकेशन विंडो और बॉलीवुड डायलॉग्स के जरिए छात्रों को न केवल मोटिवेट किया जा रहा है, बल्कि उन्हें परीक्षा से जुड़ी उपयोगी टिप्स भी दी जा रही हैं। यह दिलचस्प और प्रभावी तरीका न सिर्फ बच्चों को प्रेरित कर रहा है, बल्कि अभिभावकों को भी राहत दे रहा है। इस पहल के जरिए




शिक्षा विभाग छात्रों को यह संदेश देना चाहता है कि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत यानी आत्मविश्वास और सही रणनीति से हर परीक्षा को सफल बनाया जा सकता है।

### सुपर टीचर - परीक्षा के स्मार्ट टिप्स

यह पहल छात्रों को परीक्षा की तैयारी के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने और बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद कर रही है। सुपर टीचर अभियान के माध्यम से विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा दी जाने वाली रणनीतियां न केवल पाठ्यक्रम को समझने में सहायक हैं, बल्कि समय प्रबंधन, एकाग्रता और मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी कारगर साबित हो रही हैं।

### एजुकेशन विंडो - स्ट्रेस फ्री तैयारी

परीक्षा के दबाव और परिणाम के तनाव को कम करने के लिए शिक्षा विभाग एजुकेशन विंडो नामक एक विशेष सोशल मीडिया कैंपेन चला रहा है। इस पहल के तहत परीक्षा की तैयारी से जुड़ी उपयोगी टिप्स और पेपर हल करने की रणनीतियां साझा की जा रही हैं। साथ ही, छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए मोटिवेशनल कंटेंट भी उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल बच्चों को भयमुक्त माहौल में आत्मविश्वास के साथ सिर्फ अपनी तैयारी पर फोकस करने में मदद कर रही है।

### बॉलीवुड डायलॉग्स - अनोखी पहल

चैंपियन हैं हम कैंपेन के तहत शिक्षा विभाग बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्मों के आइकॉनिक डायलॉग्स के माध्यम से छात्रों को प्रेरित कर रहा है। इसमें आमिर खान की फिल्म दंगल का म्हारी छोरियां छोरे से कम है के.., शाहरुख खान की ओम शांति ओम का पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त.. और विक्की कौशल की हालिया फिल्म छावा का मन के हारे हार है, मन के जीते जीत.. जैसे प्रसिद्ध डायलॉग्स शामिल हैं। इस अनोखे अंदाज में छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**इनका कहना है...**

हमारा मकसद बच्चों को स्ट्रेस फ्री रखकर परीक्षा के लिए बेहतर तरीके से तैयार करना है। हमारे प्रयासों को अधिक से अधिक छात्रों तक पहुँचाने के लिए कई सोशल कैंपेन चलाए जा रहे हैं, जिनका रिस्पॉन्स बेहद सकारात्मक मिल रहा है। भविष्य में भी ऐसे अनूठे प्रयास जारी रहेंगे।

**अनुपमा जोरवाल, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**

# राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजमहल के नए कलेवर का उद्घाटन



## शिक्षा का केन्द्र है विद्यालयःगज सिंह

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ते हुए राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजमहल का नया कलेवर यानि पुनर्निर्माण विद्यालय की पूर्व छात्रा मुकुलिका बैद ने करवाया,जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गज सिंह, विशिष्ट अतिथि भगवान महावीर विकलांग समिति के अध्यक्ष डी. आर. मेहता,विधायक विधायक अतुल भंसाली, जुगल किशोरे-मुकुलिका बैद व अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद हिमांशु बैद ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय के पुनर्निर्माण सफर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गज सिंह ने बैद के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा बल्कि समाज को नई दिशा भी देगा,वही विशिष्ट अतिथि डी. आर. मेहता ने शिक्षा के क्षेत्र में इस पहल को ऐतिहासिक बताया। विधायक अतुल भंसाली ने इस समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया विद्यालय की प्रधानाचार्य शोभा जांगिड़ ने विद्यालय की पुनर्निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए मुकुलिका बैद और जुगल किशोर बैद का साफा शाल एवं विद्यालय गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस दोरान आर्किटेक्ट पंकज सेठी एवं अशोक पवार का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल स्थानीय पार्षद राजेश कछवाहा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीमा शर्मा मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में राहुल सिंघवी ने आभार जताया।

# रावत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में फेयरवेल पार्टी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप के अन्तर्गत संचालित रावत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में आज विगनर्स बैश एण्ड बॉन वॉयज बैश थीम पर ओथ सैरेमनी एवं फ्रेशर व फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्थान के चेयरमैन श्री बी.एस. रावत, डायरेक्टर श्री हेमेन्द्र सिंह रावत, श्री नरेन्द्र सिंह रावत एवं डॉ. कल्पना रावत, मुख्य अतिथि श्री विकास सोमनी जी (प्रवक्ता बीजीपी), श्री मधुसुदन दाधिच (स्कील डवलपमेन्ट विशेषज्ञ) तथा संस्था प्रधान श्री भूपेन्द्र जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। संस्थान चेयरमैन श्री बी.एस. रावत व मुख्य अतिथियों द्वारा छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी तथा समाज में सेवाभाव का अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत नवआगन्तुकों द्वारा शपथ ग्रहण की गई तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। नर्सिंग विभाग में मिस फ्रेशर सानिया चैधरी व मिस्टर फ्रेशर निशान्त शर्मा, पैरामेडिकल विभाग में मिस फ्रेशर पायल कुमावत व मिस्टर फ्रेशर यश सैन रहे। साथ ही मिस फेयरवेल साक्षी थापा तथा मिस्टर फेयरवेल विकास शर्मा को चुना गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्था प्रधान द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनपोल में नव संवत्सर धूमधाम से मनाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ राजस्थान के मार्गदर्शन में राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनपोल में नव संवत्सर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सभी शिक्षक गणों एवं महाविद्यालय की छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. (प्रो) ख़ामोश मीणा ने सभी का मुँह मीठा करवाकर भारतीय नव संवत्सर की सार्थकता एवं महत्व के बारे में बताया ,साथ ही प्रतिवर्ष इसे जोर-शोर से बनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ममता रोकना ने महाविद्यालय की छात्राओं एवं समस्त शैक्षणिक और एक शैक्षणिक कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं । महाविद्यालय ,शिक्षकों ने भी महाविद्यालय छात्राओं को आशीर्वाद और शुभकामनाएँ दी । कार्यक्रम के अंत में डॉ. पवन असवाल ने राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ का आभार व्यक्त किया जिसने शिक्षण संस्थाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES, NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA**

SODHANI CAPITAL LTD
All Financial Solution under one roof

*Please scan this QR Code to view the Draft Prospectus)*

## SODHANI CAPITAL LIMITED

Our Company was originally incorporated as "Sodhani Capital Private Limited" as a private limited company, under the Companies Act, 2013 vide Certificate of Incorporation dated March 12, 2019 issued by ROC - CRC, having CIN U65991RJ2019PTC064264. Subsequently, our Company was converted to public limited company pursuant to special resolution passed in the Extra-Ordinary General Meeting held on July 12, 2023 and consequently the name of our Company was changed to "Sodhani Capital Limited" pursuant to fresh certificate of incorporation dated August 22, 2023 issued to our Company by the Registrar of Companies, Jaipur, Rajasthan having Corporate Identification Number U65991RJ2019PLC064264.

**Registered Office:** 1st floor C-373 C Block Vaishali Nagar, Jaipur-302021, Rajasthan, India
**Website:** www.sodhanicapital.com ; **E-Mail:** cs@sodhanicapital.com; Telephone No: +91 9694875201
**Company Secretary and Compliance Officer:** Ms. Renu Sharma
**Corporate Identity Number:** U65991RJ2019PLC064264

**THE PROMOTERS OF OUR COMPANY ARE RAJESH KUMAR SODHANI, PRIYA SODHANI, RITIKA SODHANI AND AASTHA SODHANI**

THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE DRAFT PROSPECTUS ("DP") DATED MARCH 31, 2025 HAS BEEN FILED WITH SME PLATFORM OF BSE LIMITED (BSE SME).

INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO 21,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE) ("OFFER PRICE") AGGREGATING UP TO ₹ [•].00 LAKHS (THE "OFFER") COMPRISING A FRESH ISSUE OF UP TO 16,90,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE ₹ 10 EACH AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS BY OUR COMPANY (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 4,10,000 EQUITY SHARES (THE "OFFERED SHARES") BY MR. RAJESH KUMAR SODHANI AND MRS. PRIYA SODHANI AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS (THE "SELLING SHAREHOLDER, THE "OFFERED SHARES") (SUCH OFFER FOR SALE BY THE SELLING SHAREHOLDER, THE "OFFER FOR SALE" AND TOGETHER WITH THE FRESH ISSUE, "THE OFFER"). THE OFFER WILL CONSTITUTE 26.43 % OF OUR POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. 1,06,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 19,94,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•]/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.43 % AND 25.10 %, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" ON PAGE 207 OF THE DRAFT PROSPECTUS.

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹ 10 EACH**

In terms of Rule 19(2)(b)(i) of the SCRR this Issue is being made for at least 25% of the post- Issue paid-up Equity Share capital of our Company. This Issue is being made through Fixed Price process and allocation in the net offer to the public will be made as per regulation 253(3) of the SEBI ICDR Regulations 2018, as amended and in compliance with Chapter IX and other applicable provisions of SEBI ICDR Regulations wherein a minimum 50% of the Net Issue is allocated for individual applicants who applies for minimum application size and the balance shall be offered to Individual applicants other than Individual Investor who applies for minimum application size and other investors including corporate bodies or institutions, QIBs and Non-Institutional Applicants. However, if the aggregate demand from the Individual Investors who applies for minimum application size is less than 50%, then the balance Equity Shares in that portion will be added to the Individual Investors who applies for more than minimum application and vice-versa subject to valid Applications being received from them at or above the Issue Price. Additionally, if the Individual Investors who applies for minimum application size category is entitled to more than fifty per cent on proportionate basis, the Individual Investors who applies for minimum application size shall be allocated that higher percentage. For further details please refer the section titled – "Offer Information" beginning on page 207 of the Draft Prospectus.

The Offer is being made in compliance with the provisions of Chapter IX of SEBI ICDR Regulations, 2018 through a Fixed Price Process wherein 50% of the Net Offer is allocated for Individual Investors who applies for minimum application size and the balance shall be offered to individual applicants other than Individual Investors who applies for minimum application size and other investors including Corporate Bodies or Institutions, QIBs and Non-Institutional Investors. However, if the aggregate demand from the Individual Investors who applies for minimum application size is less than 50%, then the balance Equity Shares in that portion will be added to the non-retail portion offered to the remaining investors including QIBs and NIIs and vice-versa subject to valid Applications being received from them at or above the Offer Price.

All potential investors shall participate in the Issue only through an Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process including through UPI mode (as applicable) by providing details of the respective bank accounts and / or UPI IDs, in case of RIIs, if applicable, which will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("SCSBs") for the same. For details in this regard, specific attention is invited to "Issue Procedure" on page 219 of the Draft Prospectus. A copy will be delivered for registration to the Registrar of Companies as required under Section 26 and 28 of the Companies Act, 2013. For details in this regard, specific attention is invited to "Issue Procedure" on page 219 of the Draft Prospectus.

This public announcement is made in compliance with the press release PR NO. 36/2024 on December 18, 2024 of 208th SEBI Board Meeting on "Review of SME Framework under SEBI (ICDR)Regulations, 2018 and applicability of corporate governance provisions under SEBI (LODR) Regulations, 2015 on SME Companies. The Draft Prospectus filed with the SME Platform of BSE Limited ("BSE SME") shall be made available to the public for comments, if any, for a period of at least 21 days, from the date of such filing by hosting it on the website of the BSE at https://www.bseindia.com, BSE SME at https://www.bsesme.com/ and the website of the Company at www.sodhanicapital.com, and at the website of LM i.e. Bonanza Portfolio Limited at www.bonanzaonline.com. Our Company hereby invites the members of the public to give their comments to Stock Exchange, to Company Secretary and Compliance Officer of our Company and /or the LM at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by BSE SME and/or our Company and/or LM in relation to the issue on or before 5 p.m. on the 21st day from the aforesaid date of filing the Draft Prospectus with BSE SME.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in the Issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue, including the risks involved. For details in this regard, specific attention is invited to "Risk Factors" on page 23 of the Draft Prospectus.

The Equity Shares in the Issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Draft Prospectus.

The Equity Shares are proposed to be listed on the SME Platform of BSE Limited ("BSE SME")."

For details of the main objects of the Company as contained in its Memorandum of Association, see "History and Certain Corporate Matters" on page 118 of the Draft Prospectus. The liability of the members of the Company is limited. For details of the share capital and capital structure of the Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them see "Capital Structure" on page 56 of the Draft Prospectus.

| LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE |
|---|---|
| Bonanza<br>**BONANZA PORTFOLIO LIMITED**<br>**SEBI Registration Number:** INM000012306<br>**Address:** Bonanza House, Plot No. M-2, Cama Industrial Estate Walbhat Road, Behind The Hub, Goregaon (East), Mumbai - 400 063.<br>**Telephone Number:** +91 022 68363773<br>**Email Id:** swati.agrawal@bonanzaonline.com/ abhay.bansal@bonanzaonline.com<br>**Website:** www.bonanzaonline.com<br>**Contact Person:** Ms. Swati Agrawal/Mr. Abhay Bansal | NSDL Database Management Limited<br>**NSDL DATABASE MANAGEMENT LIMITED**<br>**SEBI Registration Number:** INR000004181<br>**Address:** 4th Floor, Tower 3, One International Centre, Senapati Bapat Marg, Prabhadevi Mumbai- 400013<br>**Tel. Number:** 022- 49142700<br>**To Contact Person:** Mr. Nilesh Bhandare<br>**Email Id:** nilehb@ndml.in<br>**Website:** www.ndml.in<br>**CIN:** U72400MH2004PLC147094 |
| **COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER** | |
| Ms. Renu Sarma<br>**Address:** 1st floor C-373 C Block Vaishali Nagar, Jaipur-302021, Rajasthan, India.<br>**Tel. No.:** +91 9694875201<br>**Email:** cs@sodhanicapital.com<br>**Website:** www.sodhanicapital.com | Investors can contact our Company Secretary and Compliance Officer, Lead Manager or Registrar to the Issue, in case of any pre issue or post issue related problems, such as non- receipt of letter of allotment, non- credit of allotted Equity shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode etc. |

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Draft Prospectus.

**For SODHANI CAPITAL LIMITED**
**On behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Ritika Sodhani**
**Managing Director**

**Place: Mumbai**
**Date: April 01, 2025**

**SODHANI CAPITAL LIMITED** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Draft Prospectus dated March 31, 2025 with BSE SME. The Draft Prospectus is available on the website of BSE SME at https://www.bsesme.com/index.aspx and on the website of the LM, i.e. Bonanza Portfolio Limited at www.bonanzaonline.com and the website of our Company at www.sodhanicapital.com.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933 (the "U.S. Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold only outside the United States in offshore transactions in reliance on Regulation S and the applicable laws of the jurisdictions where those offers and sales are made.

There will be no public offering of the Equity Shares in the United States.

## संपादकीय

# हादसों से नहीं ली जा रही सीख, पटरी से लगातार उतर रही ट्रेन



जितने दावे नई और तमाम सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेनें चलाने के किए जाते हैं, उतना ही ध्यान अगर ट्रेनों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास और उसके मजबूत करने पर दिए जाएं, तो शायद हादसों को कुछ लगाम दिया जा पाता। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि आगे ऐसे इंतजाम किए जाएं ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर विडंबना है कि लगभग एक ही प्रकृति के हादसों का सिलसिला बना रहता है। सरकार की ओर से आगे सब ठीक करने के आश्वासन से ज्यादा कुछ भी ठोस सामने नहीं आता। पिछले कुछ वर्षों से देश भर में रेल हादसों की जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि रेल सुरक्षा को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और कभी भी किसी दुर्घटना की खबर आ सकती है। सवाल है कि अगर देश के अलग-अलग हिस्सों में आए दिन रेलगाड़ियां हादसों का शिकार हो रही हैं, तो उसके लिए किसकी जवाबदेही बनती है और उसमें सुधार के लिए ठोस उपाय करने की जिम्मेदारी किसके कंधे पर है। गौरतलब है कि ओड़ीशा के कटक जिले के निर्गुंड़ी में रविवार को बंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य कई लोग घायल हो गए। हो सकता है कि कटक में हुई दुर्घटना में जानमाल का ज्यादा नुकसान न होना राहत की बात मानी जाए, लेकिन ग्यारह डिब्बों का पटरी से उतरना एक गंभीर घटना ही है। सच यह है कि एक छोटी चूक या लापरवाही की वजह से बहुत सारे लोगों की जान पर बन आती है और इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें ट्रेन हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई। ऐसे हर हादसे के बाद सरकार की ओर से जांच और कार्रवाई करने की बात कही जाती है, लेकिन सवाल है कि चलती ट्रेन के पटरियों से उतरने और उससे उपजे जोखिम से यात्रियों को कब मुक्ति मिलेगी। लोग कब इस आशंका से पूरी तरह मुक्त होकर किसी ट्रेन से सफर करेंगे कि वह हादसे का शिकार न हो और वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं? अक्सर ऐसी खबरें सुर्खियों में होती हैं, जिनमें बताया जाता है कि रेलवे विभाग जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा मुहैया कराने वाला है। इस तरह के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत यह है कि आए दिन किसी ट्रेन के पटरी से उतर जाने की खबर आती है, तो कभी किसी अन्य हादसे की। अगर दुर्घटना को लेकर लोगों के भीतर किसी तरह का केवल डर भी बैठता है, तो इसका कारण लगातार होने वाले रेल हादसे ही होते हैं। जितने दावे नई और तमाम सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेनें चलाने के किए जाते हैं, उतना ही ध्यान अगर ट्रेनों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास और उसके मजबूत करने पर दिए जाएं, तो शायद हादसों को कुछ लगाम दिया जा पाता। विचित्र है कि ट्रेनों की रफ्तार और उनके बोझ में तो लगातार इजाफा हो रहा है, मगर उसी मुताबिक पटरियों की गुणवत्ता और व्यवस्थागत पहलू को भी बेहतर करना जरूरी नहीं समझा जाता। सवाल है कि सिर्फ इस मामले में बरती जाने वाली उपेक्षा की वजह से अगर कोई रेलगाड़ी पटरी से उतर जाती है और हादसा हो जाता है, तो क्या सिर्फ जांच और कार्रवाई के आश्वासन के जरिए इस समस्या से पार पाया जा सकता है? आधुनिक शक्ल और महंगे किराए वाली ट्रेनें चलाने के बीच आए दिन छोटे-बड़े हादसे सामने आ रहे हैं और दूसरी ओर, भारतीय रेल महकमे में बड़ी तादाद में रिक्तियां पड़ी हुई हैं। सवाल है कि अगर सरकार ट्रेन हादसों पर लगाम लगाने का भरोसा देती भी है, तो लचर बुनियादी ढांचे और पदों के खाली रहने की स्थिति में उसका आधार क्या होगा?

# हर पल विचारों के घेरे में ही रहते हैं हम, माहौल से अलग हटकर व्यावहारिक बुद्धि का करना चाहिए इस्तेमाल

**एक बेहतर जीवन तभी जिया जा सकता है, जब हम अपने विचारों पर निरंतर गौर करते रहें। सोच- विचार ही हमारी हर गतिविधि और हमारी दिनचर्या के रंग-रूप को निर्धारित करते हैं। शोध बताते हैं कि हर पल हम विचारों के घेरे में ही रहते हैं। तरह-तरह के हजारों विचार हर समय हमारे विवेक को चुनौती देते रहते हैं। यह सच है कि हमारे विचार हमारे माहौल के अनुसार ही पैदा होते हैं।**



हमें अपने जीवन की परेशानियों को बहाना नहीं बनने देना चाहिए। क्या हुआ अगर जिंदगी हमेशा न्यायपूर्ण नहीं रही! सवाल यह है कि आज हम इसके बारे में क्या करने वाले हैं। चाहे सुबह उठते ही हमें कोई कठिनाई मिली हो- चोरी हुए सामान, खराब सेहत, असफल रिश्ते या कोई डूबा हुआ व्यापार। इन्हें अपने सफर में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। एक बेहतर जीवन तभी जिया जा सकता है, जब हम अपने विचारों पर निरंतर गौर करते रहें। सोच- विचार ही हमारी हर गतिविधि और हमारी दिनचर्या के रंग-रूप को निर्धारित करते हैं। शोध बताते हैं कि हर पल हम विचारों के घेरे में ही रहते हैं। तरह-तरह के हजारों विचार हर समय हमारे विवेक को चुनौती देते रहते हैं। यह सच है कि हमारे विचार हमारे माहौल के अनुसार ही पैदा होते हैं। हम सबने महसूस किया है कि जिस समय हम सजधज कर किसी दावत या जश्न में अपने मनपसंद साथी के संग शामिल होते हैं, उस समय हमारे विचार उमंग तथा आनंद से भरे होते हैं। जब हम किसी विपरीत या अनचाहे माहौल में होते हैं, तब हमारे विचार बेहद नकारात्मक या उदासी भरे होते हैं। मसलन, जब हम टिकट आदि के लिए लंबी कतार में प्रतीक्षारत होते हैं या फिर सड़क पर जाम में फंसे हुए होते हैं तब हमारी विचारशीलता एकदम अलग होती है। दरअसल, आमतौर पर हम अपने माहौल से प्रभावित होकर अपने विचारों के बोझ से दबे रहते हैं और उसी के अनुरूप व्यवहार करते हैं। मगर इतिहास गवाह है कि जो माहौल से अलग हटकर व्यावहारिक बुद्धि का इस्तेमाल करता है वह जीवन को संवार और निखार लेता है। यह सन 1912 के ओलंपिक खेलों की बात है, जहां जिम थार्प, जो ओक्लाहोमा के एक मूल अमेरिकी थे, अमेरिका का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। जिस दिन उनकी प्रतियोगिता होनी थी, किसी ने चुपके से उनके जूते चुरा लिए, ताकि वे दौड़ में शामिल न हो सकें। जिम को वहां किसी ने कहा कि तुरंत इसकी शिकायत करो, अर्जी लिखो। मगर जिम जानते थे कि इसमें समय बर्बाद होगा।

उनको तो मिनटों में ही जल्दी कुछ करना था। जिम ने ठंडे दिमाग से सोचा। पास ही एक कचरा पात्र को खंगाला और उसमें से दो जूते खोजे और वही पहन लिए। मगर इनमें से एक जूता बड़ा था, इसलिए उन्हें एक अतिरिक्त जुराब भी पहननी पड़ी। इन असमान से जूतों को पहनकर भी जिम ने उस दिन दो स्वर्ण पदक जीते। यह घटना अपने माहौल को सूझ-बूझ से सकारात्मक बनाने और विजेता बनने का एक महान उदाहरण बना। एक समाचार पत्र ने तो यहां तक लिखा कि वह जलनखोर और नादान जूता चोर अब बहुत पछता रहा होगा, क्योंकि ईर्ष्यालु होकर उसने एक विजेता की राह में बाधक बनने का पाप अपने सिर ले लिया। हमें अपने जीवन की परेशानियों को बहाना नहीं बनने देना चाहिए। क्या हुआ अगर जिंदगी हमेशा न्यायपूर्ण नहीं रही! सवाल यह है कि आज हम इसके बारे में क्या करने वाले हैं। चाहे सुबह उठते ही हमें कोई कठिनाई मिली हो- चोरी हुए सामान, खराब सेहत, असफल रिश्ते या कोई डूबा हुआ व्यापार। इन्हें अपने सफर में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। हमारे पास या तो बहाने हो सकते हैं या फिर परिणाम, लेकिन दोनों एक साथ नहीं। अपने जीवन में हम अक्सर बहुत सारी चीजों के दर्द को कंधे पर लादे हुए फिरते हैं। अपने गलत फैसले को सही या गलत के सांचे में फिट कर देते हैं। असली बात यह है कि हालात न तो कभी सही होते हैं, न कभी गलत होते है। इसे एकतरफा हुए बगैर समझा जा सकता है। यानी जो कुछ भी अनचाहा है उसे भुलाया जाना, छोड़ देना, माफ कर देना और आगे बढ़ जाना हमारे हाथ में है और एकदम संभव भी है।

जिस जगत में हम जीवन यापन करते हैं, वह एक गहरी चेतना से सराबोर आईना है। यह चेतना ही हर चीज को संभालती है या गिरा देती है। जो चेतना को सबसे ऊपर रखते हैं, जीवन उनको गतिमान करता रहता है। हम अपने आज पर बीते कल को किस तरह लागू कर रहे हैं, यह पूरी तरह से हमारे ही हाथ में है। कटु स्मृति हर किसी के साथ होती है। मगर सच्चे और सही लोग उससे हटकर सुखद याद के झूले में ही झूलते हैं। सूझ-बूझ का मजबूत घेरा हमें हर तरह की असहजता से लोहा लेना सिखा देता है। ऐसे मजबूत दिमाग वालों से हम खाली गिलास के बारे में सवाल करेंगे तो वह हंसते हुए कुछ जवाब देंगे कि गिलास तो हवा से लबालब है। जिस तरह हम अपने कमरे में कोई कचरा नहीं रखते, अपने तन पर मैल नहीं जमने देते, उसी तरह मन को भी हर तरह के कचरे से मुक्त ही रखना चाहिए। बुरी भावना, बुरी आदत, बुरे विचार पर एकाग्रता यह हमको वैसा ही बुरा बना देता है। हमारे विचार जीवन के ऐसे वाहन हैं, जो हमें उन्नति या अवनति के सफर पर ले जाते हैं। इस संदर्भ में एक प्रसंग का जिक्र किया जा सकता है। एक जिज्ञासु छात्र ने अपने अध्यापक से पूछा कि व्यक्तित्व में निखार के लिए हमें क्या करना चाहिए? अध्यापक ने कहा कि लोग हमें चार तरीके से देखते-समझते हैं। हम क्या बोलते हैं, कैसे बोलते हैं, क्या करते हैं और कैसे दिखते हैं। इन्हीं के हिसाब से हमारा अच्छा प्रभाव पड़ सकता है और बुरा भी। अक्सर देखने में आता है कि लोग अधिक लगाव और चाव बस अपने पहनावे पर रखते हैं, ताकि उनके पहनावे से दूसरों पर प्रभाव पड़ सके! असल में पहनावा तो एक छोटा-सा पहलू हो सकता है। सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि हम अपने विचारों से दूसरों को अपने प्रति कैसा अनुभव करा सकते हैं, ताकि सामने वाले को लगे कि वह कुछ खास है। जो हमसे मिलकर खुद को खास महसूस करेगा, वह हमसे और भी अधिक बार मिलना चाहेगा।

हमारा मन इस ब्रह्मांड की व्यापक व्यवस्था का हिस्सा है। इसलिए मन की सेहत बहुत जरूरी होती है। हम गंदे, मटमैले और प्रदूषित विचारों के साथ अच्छा जीवन नहीं जी सकते हैं। दार्शनिक सुकरात अपने शिष्यों को यही बात समझाते थे कि यह जिंदगी आपकी है, इसे कोई और नहीं चला सकताज न कोई जीव-जंतु और न कोई दुखद वातावरण। यह केवल हमारी जिम्मेदारी है। हमें अपनी संतुलित सोच से इसे खुशी-खुशी निभाना चाहिए।

# पेंशन व्यवस्था में सुधार का समय, निजी और सरकारी क्षेत्र का भेद मिटाना जरूरी

**कुल मिलाकर सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों स्वरोजगार करने वाले लोगों गिग कर्मचारियों सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों की विविधता को ध्यान में रखते हुए ईपीएफओ सरकार और नियोक्ताओं को मिलकर एक देश-एक पेंशन की दिशा में समग्र दृष्टिकोण पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को सभी कर्मचारियों के लिए एक समान राष्ट्रीय पेंशन कोष बनाना चाहिए। भारत में जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ लोगों के गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए पेंशन और हेल्थकेयर सुविधाओं की अनिवार्यता भी बढ़ती जा रही है। देश के सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने के लिए यूनिवर्सल पेंशन योजना के रूप में सरकार एक बड़ा कदम उठाने के तैयारी कर रही है, जिसके अंतर्गत 18 साल से अधिक का कोई भी व्यक्ति स्वैच्छिक अंशदान कर 60 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन पाने का** हकदार बन सकता है। छोटे दुकानदारों, स्वरोजगारों, श्रमिकों, गिग श्रमिकों आदि के लिए बनाई जा रही इस यूनिवर्सल पेंशन द्वारा सरकार पेंशन संरचना को और अधिक सरल बनाना चाहती है। इस योजना का कार्यान्वयन भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ द्वारा किए जाने से सरकार पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। इससे न सिर्फ सरकारी निधियों का उचित आवंटन होगा, बल्कि पेंशन लाभ को बढ़ाने और लाभार्थियों के दोहराव को रोकने में भी मदद मिलेगी। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, छोटे व्यापारियों आदि को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना आदि चलाई जा रही है। इसके साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा भी अनेक प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है, जिन पर लगभग 150 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जा रहा है। इन सभी योजानओं को एकीकृत कर सरकार यूनिवर्सल पेंशन योजना बनाने की दिशा में अग्रसर है। केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली पेंशन राशि 500 से लेकर 3000 रुपये तक है। यूनिवर्सल पेंशन योजना के आने का एक बड़ा लाभ यह होगा कि लाभार्थियों की गिनती दोबारा नहीं होगी। दूसरा लाभ यह होगा कि अधिक लोग इस योजना के दायरे में सम्मिलित हो सकेंगे, जो पहले किसी भी योजना का हिस्सा नहीं हैं। तीसरा, 15-20 साल बाद मिलने वाली पेंशन में वह एक सम्मानजनक राशि पाने के हकदार भी बन जाएंगे, जिससे बुढ़ापे में उनकी बुनियादी आवश्यकताएं भी पूर्ण हो सकेंगी। भारत में सामाजिक सुरक्षा की



आवश्यकता इसलिए भी महत्वपूर्ण होती जा रही है, क्योंकि आने वाले समय में गिग श्रमिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नीति आयोग के अनुसार देश में 77 लाख गिग कर्मचारियों के लिए किसी भी तरह की कोई भी सामाजिक सुरक्षा नहीं है। दूसरी ओर बुजुर्गों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार 2036 तक भारत में 60 वर्ष से अधिक की बुजुर्ग आबादी 22 करोड़ से अधिक और 2050 तक लगभग 34 करोड़ से अधिक हो जाएगी। इन लाखों बुजुर्गों को भविष्य में सुरक्षा बीमा देने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। यूनिवर्सल पेंशन योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए ईपीएफओ द्वारा संचालित प्रशासनिक स्तर की प्रक्रिया, लोगों द्वारा किए जाने वाले अंशदान और मिलने वाली पेंशन की राशि जैसे नियमों आदि को बहुत सरल और स्पष्ट बनाना होगा। यह मेगा प्लान तभी गेमचेंजर बन सकता है, जब कम आय वाले लोगों को कम लागत के साथ अधिक सुरक्षित पेंशन के साथ दिया जाएगा। निम्न आय वाले लोगों को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके द्वारा की गई बचत सुरक्षित रहेगी और पेंशन में उनको कम से कम एक निश्चित राशि तो अवश्य मिलेगी ही। इसके लिए ईपीएफओ को सरकारी बांड, कारपोरेट बांड और शेयर बाजार के जोखिम से बचने और अच्छा रिटर्न लेने के लिए निवेश में संतुलन बनाने पर फोकस करना होगा। 15-20 साल बाद मिलने वाली पेंशन को अटल पेंशन स्कीम की तरह आठ प्रतिशत के रिटर्न के साथ जोड़ना वास्तव में एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो मुद्रास्फीति से भी सुरक्षा प्रदान करेगा। इसमें लोगों की प्रतिभागिता को बढ़ाने के लिए प्रत्येक संस्था और ठेकेदारी व्यवस्था में यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि सभी लोगों को वेतन बैंक के माध्यम ही मिलना चाहिए। प्रत्येक कर्मचारी का खाता भी ईपीएफओ में अवश्य ही होना चाहिए। असंगठित क्षेत्र की तरह निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी पेंशन की अपर्याप्त व्यवस्थाएं हैं। निजी क्षेत्र का कोई भी कर्मचारी कितनी ही आय प्राप्त करता हो, परंतु पेंशन के फार्मूले में अधिकतम आय 15 हजार पर ही गणना की जाती है। 15 हजार की आय के आधार पर यदि कोई कर्मचारी 10 साल, 20 साल और 30 साल तक काम करता है तो उसकी पेंशन क्रमशः 2,143 रुपये, 4,286 रुपये, और 6,429 रुपये प्रति माह होगी। उल्लेखनीय है कि सरकारी कर्मचारी के पास पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस), नई पेंशन योजना (एनपीएस) एवं यूनीफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) का प्रविधान है, जिसमें पेंशन के रूप में उसे कम से कम एक निश्चित राशि तो मिलती ही है। इस असमानता को समाप्त करने के लिए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन को भी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ जोड़ा जाना चाहिए। इससे सरकार पर कोई भी वित्तीय दबाव नहीं पड़ेगा और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी स्पष्ट होगा कि कितना अंशदान करने पर उसको कितनी पेंशन मिलेगी। इससे सरकार पर पड़ने वाला आर्थिक दबाव भी कम होगा। कुल मिलाकर सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों, स्वरोजगार करने वाले लोगों, गिग कर्मचारियों सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों की विविधता को ध्यान में रखते हुए ईपीएफओ, सरकार और नियोक्ताओं को मिलकर एक देश-एक पेंशन की दिशा में समग्र दृष्टिकोण पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को सभी कर्मचारियों के लिए एक समान राष्ट्रीय पेंशन कोष बनाना चाहिए। निजी और सरकारी क्षेत्र का भेद मिटा कर सभी के लिए एक फार्मूले के अंतर्गत एक समान पेंशन योजना को लागू किया जाना चाहिए। असंगठित क्षेत्र के निम्न आय प्राप्त करने वालों को न्यूनतम पेंशन की गारंटी के साथ शामिल किया जाना चाहिए।

# नौकरशाही का भ्रष्टाचार, संसदीय समिति ने की दंडात्मक कार्रवाई की मांग

**कार्मिक, लोक शिकायत, कानून एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति ने बीते वर्ष 91 आईएएस अधिकारियों की ओर से अचल संपत्ति का विवरण न दिए जाने का उल्लेख करते हुए यह जो कहा कि ऐसे अफसरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए, उससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इसमें संदेह है कि ऐसे किसी प्रविधान से आईएएस अफसर भय खाएंगे।**

समस्या यह भी है कि अन्य सरकारी अधिकारियों और यहां तक कि कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के किस्से खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि केंद्र सरकार की शीर्ष नौकरशाही के भ्रष्टाचार पर एक बड़ी हद तक लगाम लगी है क्योंकि निचले स्तर पर पहले की ही तरह भ्रष्टाचार व्याप्त है। इस भ्रष्टाचार के चलते विकास एवं जनकल्याण की योजनाएं प्रभावित होती हैं। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति ने बीते वर्ष 91 आईएएस अधिकारियों की ओर से अचल संपत्ति का विवरण न दिए जाने का उल्लेख करते हुए यह जो कहा कि ऐसे अफसरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए, उससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इसमें संदेह है कि ऐसे किसी प्रविधान से आईएएस अफसर भय खाएंगे। यदि ऐसा कोई प्रविधान बन भी जाता है तो ये अफसर उसमें आसानी से छिद्र तलाश लेंगे। बहुत संभव है कि शीर्ष नौकरशाह प्रविधान ही ऐसे तैयार कराएं, जिससे अपनी संपत्ति का विवरण न देने वाले आईएएस अफसरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई संभव न हो सके। आखिर यह एक तथ्य है कि नियम-कानून बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी का लाभ उठाकर वह ऐसी व्यवस्था नहीं




बनने दे रहे हैं, जिससे उन्हें जवाबदेह बनाया जा सके अथवा उन्हें उनके भ्रष्टाचार से रोका जा सके या फिर उन्हें इसके लिए दंडित किया जा सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार का एक कारण नौकरशाहों का रवैया है। यदि वे चाह लें तो प्रशासनिक और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर प्रभावी ढंग से अंकुश लग सकता है।

ध्यान रहे कि यदि नेता भ्रष्टाचार करने में समर्थ रहते हैं तो नौकरशाहों की मदद से ही। नौकरशाह न केवल नेताओं के भ्रष्टाचार में मददगार बनते हैं, बल्कि ऐसे जतन भी करते हैं, जिससे खुद उनके भ्रष्ट तौर-तरीकों का पर्दाफाश न हो सके। यही कारण है कि रह-रहकर ऐसे भ्रष्ट नौकरशाहों का मामला सामने आता रहता है, जिनके पास अकूत चल-अचल संपत्ति होने का पता चलता है। यदि यह सोचा जा रहा है कि नौकरशाहों की ओर से अपनी संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करने से उनके भ्रष्टाचार पर अंकुश लग जाएगा तो यह एक दिवास्वप्न ही है। अच्छा हो कि इससे आगे कुछ सोचा जाए। सबसे पहला काम तो प्रशासनिक सुधार का किया जाना चाहिए। यह निराशाजनक है कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के तमाम दावों के बाद भी मोदी सरकार प्रशासनिक सुधारों को इस तरह आगे नहीं बढ़ा सकी है, जिससे नौकरशाही के भ्रष्टाचार पर रोक लग सके। समस्या केवल यह नहीं है कि आईएएस अफसरों के भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। समस्या यह भी है कि अन्य सरकारी अधिकारियों और यहां तक कि कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के किस्से खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि केंद्र सरकार की शीर्ष नौकरशाही के भ्रष्टाचार पर एक बड़ी हद तक लगाम लगी है, क्योंकि निचले स्तर पर पहले की ही तरह भ्रष्टाचार व्याप्त है।

इस भ्रष्टाचार के चलते न केवल विकास एवं जनकल्याण की योजनाएं प्रभावित होती हैं, बल्कि आम लोगों को सरकारी विभागों से अपने छोटे-मोटे काम कराने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# तैनाती में अधिकारी दिखाते हैं चतुराई, भ्रषचार रोकने के लिए संसदीय समिति ने सुझाए अहम सुझाव

**नौकरशाही को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त करने की सिफारिशें लंबे समय से की जाती रही हैं। मगर इस दिशा में किसी भी सरकार ने गंभीरता से पहल नहीं की। यह परिपाटी-सी बन गई है कि जब भी सरकार बदलती और कोई दूसरा दल सत्ता की कमान संभालता है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। हर राजनीतिक दल सत्ता संभालने के साथ ही अपने करीबी और भरोसेमंद अधिकारियों को जिम्मेदार पदों पर पदस्थ करता और उन्हें लंबे समय तक वहां बनाए रखने का प्रयास करता है।**

संसदीय समिति ने अपनी जांच में पाया कि कुछ अधिकारी आठ-नौ वर्षों से एक ही मंत्रालय में जमे हुए हैं। कुछ अधिकारियों ने अपनी तैनाती में कुछ इस तरह चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में बीता है।



नौकरशाही को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त करने की सिफारिशें लंबे समय से की जाती रही हैं। मगर इस दिशा में किसी भी सरकार ने गंभीरता से पहल नहीं की। यह परिपाटी-सी बन गई है कि जब भी सरकार बदलती और कोई दूसरा दल सत्ता की कमान संभालता है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। हर राजनीतिक दल सत्ता संभालने के साथ ही अपने करीबी और भरोसेमंद अधिकारियों को जिम्मेदार पदों पर पदस्थ करता और उन्हें लंबे समय तक वहां बनाए रखने का प्रयास करता है। अब संसद की एक स्थायी समिति ने कहा है कि अधिकारियों को लंबे अरसे तक एक ही जगह पदस्थ किए रखने से भ्रष्टाचार बढ़ता है। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित चालू वर्ष की अनुदान मांगों पर अपनी रपट पेश करते हुए कहा कि अधिकारियों की बारी-बारी से स्थानांतरण की प्रचलित नीति लागू की जानी चाहिए। संसदीय समिति ने अपनी जांच में पाया कि कुछ अधिकारी आठ-नौ वर्षों से एक ही मंत्रालय में जमे हुए हैं। कुछ अधिकारियों ने अपनी तैनाती में कुछ इस तरह चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में बीता है। करीब पंद्रह वर्ष पूर्व जब अधिकारियों की थोड़े-थोड़े समय पर तबादलों की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंगुलियां उठनी शुरू हुई थीं, तब प्रशासनिक आयोग ने सिफारिश की थी कि किसी भी अधिकारी का तबादला तीन वर्ष से कम समय में न किया जाए, ताकि वे एक स्थान पर रह कर कुछ बेहतर काम कर सकें। मगर अब इसके उलट प्रवृत्ति विकसित हुई देखी जा रही है, तो यह भी चिंता का विषय है। निस्संदेह कुछ अधिकारी ईमानदारी और संजीदगी से काम करते हैं और उनका एक जगह लंबे समय तक बने रहना लाभदायक साबित होता है। मगर संसदीय समिति की इस बात को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि एक ही जगह लंबे समय तक बने रहने वाले अधिकारी अनियमितताओं में लिप्त हो जाते हैं। अगर बारी-बारी से अधिकारियों के तबादले की नीति रही है, तो उसका पालन करने में सरकारों को क्यों गुरेज होना चाहिए।



# रोहित-विराट बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ए-प्लस ग्रेड में ही रहेंगे

### श्रेयस की वापसी होगी अभिषेक, नीतीश और वरुण को मिल सकता है मौका



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर्स विराट कोहली और रोहित शर्मा बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में, प्लस ग्रेड में ही रहेंगे। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड दोनों खिलाड़ियों को टी-20 से रिटायरमेंट के बावजूद ए प्लस ग्रेड में रखने पर विचार कर रहा है। इस ग्रेड में दोनों प्लेयर्स को सालाना 7 करोड़ रुपए मिलेंगे।

बोर्ड का मानना है कि इन दोनों खिलाड़ियों को वह सम्मान मिलना ही चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। सूत्रों ने बताया कि टीम इंडिया के नंबर 4 बल्लेबाज और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो सकती है। श्रेयस अय्यर को कुछ घरेलू मैच न खेलने की वजह से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटा दिया गया था।

अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में करीब 49 की औसत से बनाए रन अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूर्नामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे। वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ए+ में बरकरार रहेंगे। ये तीनों पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह भी ए+ ग्रेड में बने रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में श्रेयस ने शानदार प्रदर्शन किया पिछले साल श्रेयस और ईशान किशन को डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से हटा दिया गया था। इसके बाद श्रेयस ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की और आखिरी रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए पांच मैचों में 480 रन बनाए। नौ मैचों में 345 रन बनाकर श्रेयस सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 325.00 की शानदार औसत से पांच मैचों में 325 रन बनाए।

# शानदार रिकॉर्ड के नाम रहा एमआई और केकेआर का मैच, डेब्यूटेंट अश्विनी ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 12वें मैच में डेब्यूटेंट अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम मुंबई इंडियंस (एमआई) को मौजूदा सीजन की पहली जीत दिलाई। एमआई ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया, जब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा दिए गए 117 रनों के छोटे टारगेट का पीछा केवल 12.5 ओवरों में ही कर लिया। एमआई के साथ-साथ यह मैच रिकॉर्ड बुक के लिए भी शानदार रहा।

मोहाली से आने वाले 23 साल के बाएं हाथ के पेसर अश्विनी कुमार आईपीएल के डेब्यू मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 24 रन देकर चार विकेट हासिल किए। वह पहले ही आईपीएल मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय भी बने हैं। आईपीएल में डेब्यू मैच में बेस्ट प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज के मामले में अल्जारी जोसेफ नंबर एक हैं, जिन्होंने 2019 में मुंबई इंडियंस के लिए 12 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

केकेआर ने इस मैच में केवल 116 रन बनाए और यह आईपीएल 2025 के सीजन का सबसे कम स्कोर था। यह इस सीजन में केकेआर की तीसरे मैच में दूसरी हार थी।

मुंबई इंडियंस और केकेआर ने तीन मैचों में अब तक दो मैच हारे हैं और एक-एक मैच में जीत मिली है। लेकिन खास बात यह है कि मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 24वीं बार हराया है। आईपीएल में किसी भी टीम ने किसी एक विपक्षी को इतनी बार मात नहीं दी है। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में केकेआर को एमआई के खिलाफ 10वीं हार मिली है।

इस मैच में एमआई के स्टार मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 9 गेंदों पर 27 रनों की आतिशी पारी खेली और टी20 क्रिकेट में अपने आठ हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। वह टी20 में भारत के 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस मामले में 12,976 रनों के साथ नंबर एक विराट कोहली हैं। रोहित शर्मा, शिखर धवन और सुरेश रैना टॉप-5 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं।

# भारत के लिए हॉकी में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली स्टार खिलाड़ी का संन्यास



**नई दिल्ली।** वंदना कटारिया ने इंटरनेशनल हॉकी को अलविदा कह दिया है. भारत के लिए 320 मैच खेल चुकीं 32 साल की स्ट्राइकर वंदना ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं. उन्होंने कहा कि वह अपने 15 साल के सुनहरे करियर के शिखर पर विदा ले रही हैं।

2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई. ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं. हरिद्वार के रोशनाबाद की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिए आखिरी मैच खेला।

वंदना ने कहा, आज भारी, लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं. यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है. मैं इसलिए नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने करियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।

उन्होंने कहा यह विदाई थकान की वजह से नहीं है. यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी. भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा,'मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे. उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता. उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी. उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिए मंच दिया।

# ताऊ महावीर फोगाट की विनेश को नसीहत, बोले- सोच समझकर दे बयान



**नई दिल्ली।** हरियाणा के चरखी दादरी में द्रोणाचार्य अवॉर्डी एवं दंगल गर्ल गीता-बबीता के पिता महावीर फोगाट ने जुलाना विधायक एवं ओलंपियन महिला रेसलर अपनी भतीजी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उसने सुख-दुख पाकर विनेश को ओलिंपिक तक पहुंचाया है।

उसने अपने ताऊ व गुरू यानि उनका मान सम्मान नहीं रखा तो सरकार उनसे क्या उम्मीद कर सकती है। साथ ही उन्होंने विनेश को नसीहत भी दी है कि वे जो भी बयान दे वो सोच-समझ कर दे। बता दे कि विनेश के इनामी राशि सरकार के मुंह पर मारने व विधानसभा में ईनामी राशि का मुद्दा उठाए जाने के बाद ओलंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त ने ईनामी राशि को लेकर बयान दिया था। जिस पर चरखी दादरी में प्रतिक्रिया देते हुए महावीर फोगाट ने अपनी भतीजी को कड़ी नसीहत दी है।

खिलाड़ी को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती महावीर ने यहां तक कहा कि उनकी बातों में अंहकार झलक रहा था। एक खिलाड़ी को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती। सरकार ने उनको अवॉर्ड राशि दी है वो सराहनीय है। विनेश को सरकार का आभार जताना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जो मान-सम्मान देता है उसका हमें भी मान सम्मान करना चाहिए। महावीर फोगाट ने कहा कि किसी की बातों में आकर अपना भविष्य खराब नहीं करना चाहिए।

विधायक विनेश के ताऊ महावीर फोगाट ने कहा कि उनकी भाषा अहंकारी है। उसने कई बार उसकी बातें सुनी हैं। उसने कई बार बड़े-बड़े बोल बोले है जो एक अच्छे खिलाड़ी को शोभा नहीं देते। वो मीडिया या दूसरी जगह पर जो बयान दे वो सोच-समझकर दे।

गुरू का नहीं रखा मान महावीर फोगाट ने कहा कि उन्होंने सुख-दुख पाकर विनेश को ओलिंपिक तक पहुंचाया। लेकिन उसने अपने गुरु अपने ताऊ का मान सम्मान नहीं रखा। ऐसे में केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार उनसे क्या उम्मीद कर सकती है।

महावीर फोगाट ने कहा कि तत्कालीन हुड्?डा सरकार ने उनकी पूरी तरह से अनदेखी की। हुड्?डा ने गीता-बबीता को डीएसपी नहीं बनाया। इसके अलावा कुश्ती हॉल के लिए मैट तक उपलब्ध नहीं करवाया। लेकिन विनेश ने हुड्?डा व कांग्रेस के खिलाफ एक भी शब्द ना ही पहले बोला और ना ही बाद में। वहीं महावीर फोगाट ने विनेश को अवॉर्ड राशि देने पर सैनी सरकार का आभार जताया।

## व्यापार

# हल्दीराम ने आईएचसी और अल्फा वेव को 6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

### 85 हजार करोड़ की वैल्यूएशन पर हुई डील टेमासेक भी खरीद चुका 10 प्रतिशत स्टेक




**नई दिल्ली।** हल्दीराम ने स्नैक्स डिवीजन में अबू धाबी बेस्ड इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी और न्यूयॉर्क की अल्फा वेव ग्लोबल को 6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हल्दीराम ने इस स्टेक को 10 बिलियन डॉलर (करीब 85.57 हजार करोड़ रुपए) की वैल्यूएशन पर बेचा है। हालांकि, कंपनी ने डील पर कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी है।

इससे पहले 30 मार्च को सिंगापुर की सॉवरेन इन्वेस्टमेंट फर्म टेमासेक ने हल्दीराम के स्नैक्स डिवीजन में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया था। यह डील 1 बिलियन डॉलर (करीब 8,555 करोड़ रुपए) में हुई थी। हल्दीराम ने बताया कि टेमासेक ने कंपनी के मौजूदा शेयर होल्डर्स के 10त्न हिस्सेदारी को खरीदा है।

**ब्लैकस्टोन भी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऑफर दे चुका**

दोनों पक्ष कई महीनों से इस डील के लिए बातचीत कर रहे थे। अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी ब्लैकस्टोन ने भी हल्दीराम में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ऑफर दिया था, लेकिन ये ऑफर कम वैल्यूएशन पर था। इसलिए हल्दीराम ने यह डील टेमासेक के साथ फाइनल की। यह सेल भारत के फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) क्षेत्र में हाल के सबसे बड़े लेन-देन में से एक है। बैंकर्स का कहना है कि हल्दीराम के प्रमोटर अगले साल के भीतर इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) लाने पर विचार कर रहे हैं।

**तीन फैमिली एनटीटी हल्दीराम ब्रांड ऑपरेट करती है**

भारत में हल्दीराम ब्रांड का संचालन दिल्ली, नागपुर और कोलकाता में स्थित तीन अलग-अलग फैमिली एनटीटी द्वारा किया जाता है। हालांकि, दिल्ली और नागपुर फैमिली ने अपने स्नस्न्रत्न बिजनेस हल्दीराम स्नैक्स और हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल को एक सिंगल एनटीटी, हल्दीराम स्नैक्स फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में मर्ज कर दिया है।

# वीआई का शेयर 20 प्रतिशत चढ़कर 8.17 पर पहुंचा वजह- कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत हो रही

**नई दिल्ली।** देश की तीसरी बड़ी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया का शेयर आज यानी मंगलवार (1 अप्रैल) 20.15 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी के शेयरों में यह तेजी सरकार के एक फैसले के बाद आया है।

दरअसल, सरकार स्पेक्ट्रम के 36,950 करोड़ रुपए के बकाया को इक्विटी में बदलने वाली है। इसके बाद टेलीकॉम कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 49 प्रतिशत हो जाएगी। हालांकि, प्रमोटर कंपनी का ऑपरेशनल कंट्रोल बरकरार रखेंगे।

वोडाफोन आइडिया ने एक प्रेस स्टेटमेंट में बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ कम्युनिकेशन ने 29 मार्च 2025 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें सितंबर 2021 के टेलीकॉम रिफॉर्म पैकेज के चलते कन्वर्जन को मंजूरी दी गई थी। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला है।

इस प्रोसेस के तहत वोडाफोन आइडिया सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया और रिलेवेंट ऑथोरिटीज से मंजूरी मिलने के 30 दिनों के भीतर 10 रुपए प्रति शेयर की फेस वैल्यू पर 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करेगी। कंपनी ने कहा कि वह जरूरी अप्रूवल्स प्राप्त करने के बाद इक्विटी जारी करने के काम को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करेगी।

शुक्रवार को वोडाफोन आइडिया का शेयर 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6.80 रुपए पर बंद हुआ था। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर करीब 10 प्रतिशत, छह महीने में 35 प्रतिशत और एक साल में 51 प्रतिशत गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 48.55 हजार करोड़ रुपए है।

# सेंसेक्स में साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट 1390 अंक नीचे 76,024 पर बंद, निफ्टी 353 लुढ़का



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 के पहले कारोबारी दिन यानी मंगलवार (1 अप्रैल) को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 1390 अंक (करीब 1.80 प्रतिशत) गिरकर 76,024 के स्तर पर बंद हुआ।

यह इस साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले सेंसेक्स में 28 फरवरी को 1414 (1.90 प्रतिशत) अंक की गिरावट रही थी। निफ्टी में भी करीब 353 अंक (करीब 1.50 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 23,165 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट रही। एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और इंफोसिस में सबसे ज्यादा करीब 4 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। एनएसई के 50 शेयरों में से 36 में गिरावट रही।

सेक्टोरल इंडाइसेज की बात करें तो रियल्टी में 3.11 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल में 2.50 प्रतिशत, आईटी में 2.45 प्रतिशत, फार्मा में 1.73 प्रतिशत और प्राइवेट बैंक में 1.21 प्रतिशत की गिरावट रही।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (28 मार्च) को सेंसेक्स करीब 198 अंक गिरकर 77,414 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 72 अंकों की गिरावट रही, ये 23,519 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों मे से 11 में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही। इंडसइंड बैंक में सबसे ज्यादा 3.5 प्रतिशत की गिरावट रही। जबकि, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल और आईसीआईसीआई बैंक में करीब 1 प्रतिशत की तेजी रही।

# लोगों को महंगाई की मार से मिलेगी राहत, एलपीजी गैस सिलेंडर हुआ सस्ता, 41 रुपये की कटौती



**नई दिल्ली।** महीने की पहली तारीख कुछ लोगों के लिए राहत लेकर आई है। दरअसल, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का एलान किया गया है। तंल कंपनियों की कीमतों में 41 रुपये की कटौती की गई है। महंगाई की मार के बीच इसे राहत के तौर पर देखा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में आज से 41 रुपये की कटौती की गई है। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत आज से 1762 रुपये हो गई है।

इससे पहले पिछले महीने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा हुआ था। तब यह दरें 25 रुपये बढ़ाई गई थीं। तब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की खुदरा कीमत 1795 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई थी। इससे भी पहले फरवरी में केंद्रीय आम बजट से पहले लोगों के लिए एक राहत भरी खबर आई थी। तब तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में सात रुपये की कटौती की थी। तब दिल्ली में इस सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत 1797 रुपये हो गई थी।

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने की पहली तारीख को बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय ईंधन की औसत कीमत और विदेशी विनिमय दर के आधार पर एटीएफ और रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं।

# राजस्थान की शाही परंपरा, लोक संस्कृति और आस्था का प्रतीक, शान से नगर परिक्रमा को निकली गणगौर माता की सवारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान की शाही परंपरा, लोक संस्कृति और आस्था का प्रतीक गणगौर महोत्सव 2025 इस बार और भी भव्यता के साथ मनाया गया। त्रिपोलिया गेट से शाही लवाजमे के साथ निकली गणगौर माता की सवारी ने समूचे शहर को उत्सवमय बना दिया। देशी-विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ इस ऐतिहासिक सवारी को देखने के लिए उमड़ी और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से अनुभव किया। इस वर्ष पहली बार सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेशभर में लगी 200 एलईडी स्क्रीन्स के माध्यम से गणगौर महोत्सव का सीधा प्रसारण किया गया, जिससे वे श्रद्धालु भी इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बन सके जो स्वयं सवारी में सम्मिलित नहीं हो पाए। इसके अलावा, पर्यटन विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी इस आयोजन का लाइव प्रसारण किया गया। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जयपुर के पूर्व राजपरिवार की महिला सदस्यों ने जनानी ड्योढ़ी में विधि-विधान से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात गणगौर माता की सवारी निकली, जिसे पूर्व राजपरिवार के महाराज सवाई पद्मनाभ सिंह ने त्रिपोलिया गेट पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नगर परिक्रमा के लिए रवाना किया। माता के स्वागत में श्रद्धालुओं ने 'भंवर म्हाने पूजण दे गणगौर' और 'खोल ऐ गणगौर माता खोल किवाड़ी' जैसे लोकगीतों की गूंज से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गणगौर महोत्सव के तहत 31 मार्च और 1 अप्रैल को गणगौर की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बार शोभायात्रा में लोक कलाकारों की संख्या को 150 से बढ़ाकर 250 कर दिया गया। इसके साथ ही सजी-धजी पालकियों, ऊंटों, घोड़ों और हाथियों के लवाजमे को और अधिक भव्य बनाया गया है। सिटी पैलेस से निकलने वाले शाही लवाजमे की संख्या में भी 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न धार्मिक संस्थानों के कार्यक्रमों का किया पोस्टर विमोचन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न धार्मिक संस्थानों द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन किया।

शर्मा से महामण्डलेश्वर मनोहरदास जी महाराज ने मुलाकात की। इस दौरान 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सप्तदिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया।

मुख्यमंत्री ने 10 अप्रैल को महावीर जयंती के अवसर पर राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित होने वाली 'एक जुलूस एक हम, आओ करे महावीर वन्दन' शोभायात्रा तथा श्रीबड़ के बालाजी के 88वें वार्षिक मेले के पोस्टर का विमोचन भी किया।

इस दौरान इन संगठनों ने अपने कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए संगठनों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायतों के पुनर्गठन की तारीख 7 दिन के लिए बढ़ाई: 6 अप्रैल तक प्रस्ताव तैयार करने के आदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सरकार ने प्रदेश में ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के पुनर्गठन के लिए निर्धारित समय-सीमा में एक बार फिर से बदलाव किया है। ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग ने एक आदेश जारी करके सभी जिला कलेक्टर्स को पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार करने की आखिरी तारीख को 30 मार्च से बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दिया है। ये तीसरा मौका है, जब विभाग ने ये तारीख बढ़ाई है। इससे पहले विभाग ने 12 फरवरी को आदेश जारी करके इस समय-सीमा को 18 फरवरी से बढ़ाकर 25 मार्च तक और 18 मार्च को आदेश जारी करके तारीख को 30 मार्च तक के लिए बढ़ाया था।

हाल ही में जारी किए नए आदेशों में विभाग ने इन प्रस्तावों को व्यवहारिक रूप से तैयार करने के लिए कहा है। इसके तहत आमजन और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर ही प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है। सूत्रों के मुताबिक पंचातयों के पुनर्गठन को लेकर पिछले कुछ समय से लगातार जनप्रतिनिधि नाराज है। उनका आरोप है कि अधिकारी मनमर्जी से ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों का एरिया निर्धारित कर रहे है।

### अप्रैल के बजाए जून तक होगा पुनर्गठन का काम

इस नए आदेश के बाद अब प्रदेशभर में पंचायतों के पुनर्गठन का काम अप्रेल में पूरा होने के बजाए 4 जून तक पूरा होगा। नए आदेश के मुताबिक 6 अप्रैल तक तैयार प्रस्तावों को प्रकाशित करवाने के बाद ,उन पर आपत्तियां और सुझाव मांगे जाएंगे, जिसके लिए 7 अप्रैल से 6 मई तक का समय निर्धारित किया है।

प्राप्त आपत्तियों के निपटारे की समय सीमा 7 से 13 मई तक निर्धारित की है। आपत्तियों के निपटारा करने के बाद राज्य सरकार को फाइनल प्रस्ताव भिजवाने के लिए 14 से 20 मई तक और सरकार के स्तर पर उन प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए 21 मई से 4 जून तक की समय सीमा निर्धारित की है।

# नारायण सिंह सर्किल से बसों की बुकिंग बंद: रुकने पर कटेगा चालान



### ट्रैफिक मैनेज करने के लिए नई व्यवस्था लागू

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने 1 अप्रैल 2025 से नारायण सिंह सर्किल बस स्टैंड से बसों की बुकिंग और ठहराव पूरी तरह बंद कर दिया है। अब बसों की बुकिंग और संचालन के लिए नई व्यवस्था की गई है। साथ ही, अगर कोई बस नारायण सिंह सर्किल पर रुकती है तो उसका चालान काटा जाएगा।

जयपुर-दौसा मार्ग और जयपुर-दिल्ली (दौसा) एक्सप्रेस वे की बसें अब ट्रांसपोर्ट नगर टनल के पास निगम की भूमि पर बने नए बस स्टैंड से चलेंगी। यहां 24 घंटे बुकिंग काउंटर, यात्री शेड, पंखे, लाइटिंग, मोबाइल चार्जिंग, वाटर कूलर, सुरक्षा गार्ड और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

जयपुर-दिल्ली (कोटपुतली होते हुए) और जयपुर-अलवर मार्ग की बसें अब ट्रांसपोर्ट नगर ओवरब्रिज के पास बजरी मंडी बस स्टॉप से चलेंगी। यहां यात्रियों के लिए जरूरी सुविधाएं स्थानीय प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई जाएंगी।

# आईसीडीएस में महिला पर्यवेक्षक के 416 पदों पर नियुक्ति के आदेश हुए जारी

**उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग का हो रहा सुदृढ़ीकरण**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) द्वारा महिला पर्यवेक्षक के 416 पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी किये गए हैं। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। विभाग में कार्मिकों की कमी नहीं होने से कार्य सुगमता से होंगे जिससे महिला एवं बाल विकास की योजनाओं से आमजन सरलता और सुगमता से लाभान्वित हो सकेंगे।

निदेशक आईसीडीएस ओ.पी. बुनकर ने बताया कि विभाग में 416 कार्मिकों को पोस्टिंग मिली है। इसमें से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटे से 216 कार्यकर्ताओं की और सीधी भर्ती से 200 महिला पर्यवेक्षकों की भर्ती की गई है। निदेशक ने बताया कि इससे विभाग के कार्य संपादन और मॉनिटरिंग में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि विभाग को नवीन कार्मिक मिलने से उसकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। उक्त कैडर के 20 प्रतिशत से अधिक कार्मिकों का मिलना विभागीय कार्यों के संपादन में उपयोगी होगा।

निदेशक आईसीडीएस ने बताया कि राज्य की बाल विकास परियोजनाओं में कार्यरत सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश में दिए गए निर्देशानुसार कार्मिकों की पर्सनल फाइल का संधारण सुव्यवस्थित ढ़ंग से किया जाए और कार्मिकों की सर्विस बुक भी को समय पर बनाकर उसमें तथ्यात्मक सूचनाएं सावधानी से सुस्पष्टता से भरी जाए। अधूरी सर्विस बुक बाद में समस्या का कारण बनती है। उन्होंने कार्मिकों की फोटो, हस्ताक्षर , अँगुली और अंगूठे के निशान, शैक्षणिक योग्यता इत्यादि सभी एंट्री पूर्ण सावधानी से करने के निर्देश दिए।

निदेशक ओ.पी. बुनकर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटे से भर्ती हुई कार्यकर्ता से विभाग द्वारा आवंटित फोन तथा समस्त रिकार्ड अन्य कार्यकर्ता/ सहायिका जिसको भी चार्ज दिया जा रहा है, को सुपुर्द करने के उपरांत ही कार्यमुक्त आदेश जारी करने के सीडीपीओ को निर्देश दिए। उन्होंने सीडीपीओ को उक्त कार्मिकों को कार्यमुक्ति आदेश के साथ नियुक्ति आदेश भी जारी करने और निर्देशानुसार फोटो युक्त अनुभव प्रमाण पत्र भी जारी किया करने और इनका संधारण कार्मिक की पर्सनल फाइल में करने के निर्देश दिए।

# पंच गौरव योजना: एक जिला, एक उपज के तहत आलू का समृद्ध भविष्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रारंभ की गई पंच गौरव योजना राज्य के कृषि और आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत 'एक जिला, एक उपज' की अवधारणा को साकार करते हुए प्रत्येक जिले में एक विशिष्ट कृषि उत्पाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में धौलपुर जिले में 'आलू' को चयनित किया गया है। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ जिले में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध होगी।

आलू भारत की कृषि व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह न केवल घरेलू उपभोग के लिए आवश्यक है, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में भी इसकी व्यापक उपयोगिता है। जिले की जलवायु और मिट्टी आलू उत्पादन के लिए अनुकूल है, जिससे यहां आलू की पैदावार उच्च गुणवत्ता वाली होती है। आंकड़ों के अनुसार जिले में वार्षिक रूप से लगभग 63 हजार मीट्रिक टन आलू का उत्पादन किया जाता है, जो इस क्षेत्र को आलू उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। पंच गौरव योजना के तहत आलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अनेक रणनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले रोग प्रतिरोधक एवं अधिक उत्पादन देने वाले आलू के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उपज की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त जैविक एवं टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जल संरक्षण और स्मार्ट फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए ड्रिप इरिगेशन जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

आलू के उत्पादन के साथ-साथ उसके प्रसंस्करण और विपणन को भी विशेष रूप से बढ़ावा दिया जायेगा। आलू से बनने वाले उत्पादों जैसे आलू चिप्स, स्टार्च और अन्य मूल्य संवर्धित उत्पादों के लिए प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। जिले में आलू आधारित लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमुख कॉमर्स प्लेटफार्मों और प्रमुख सुपरमार्केट चेन के साथ गठजोड़ कर जिले के आलू उत्पादकों को एक व्यापक बाजार प्रदान किया जायेगा।

इस योजना के तहत किसानों के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, जल संरक्षण विधियों और प्रसंस्करण उद्योग से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। स्वयं सहायता समूह और महिला उद्यमियों को भी इस योजना के तहत विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा ताकि वे आलू उत्पादन और प्रसंस्करण क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें। इसके साथ ही जिले में आलू उत्पादन और प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे श्रम पलायन की समस्या को कम करने में सहायता मिलेगी।

पंच गौरव योजना के तहत 'एक जिला, एक उपज' नीति से जिले को अभूतपूर्व लाभ प्राप्त होगा। अनुमान है कि इस पहल से किसानों की आय में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इसके अतिरिक्त जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा और कृषि आधारित लघु उद्योगों का तेजी से विकास होगा। इस योजना के माध्यम से जिले को आलू उत्पादन और प्रसंस्करण का एक प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

निष्कर्षसी पंच गौरव योजना न केवल किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगी, बल्कि जिले के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक एवं तकनीकी सहायता से आलू उत्पादकों को नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे यह पहल संपूर्ण राज्य के कृषि और औद्योगिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना न केवल खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण को गति देगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगी।

# राजस्थान में एलपीजी की कीमतें हुई कम: कॉमर्शियल उपयोग का सिलेंडर 40.50 रुपए हुआ सस्ता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान में तेल-गैस कंपनियों ने आज एलपीजी की कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल उपयोग के गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। कंपनियों ने आज से कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर पर 40.50 रुपए कम किए है। वहीं घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया है। इस साल में तीसरा मौका है जब कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट में आज से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 40.50 रुपए कम किए गए। इसके बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1830.50 रुपए की जगह 1790 रुपए में मिलेगा। इससे पहले कंपनियों ने मार्च में गैस की कीमतों में 6 रुपए की बढ़ोतरी की थी। वहीं, जनवरी में 14.50 रुपए और फरवरी में 6 रुपए की कटौती की थी।

### घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 806.50 रुपए में ही मिलेगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से बीपीएल और उज्जवला कनेक्शधारियों को रियायती दर पर 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# लुपिन फाउंडेशन की राज्यस्तरीय वर्कशॉप से सुधरेगी राजस्थान की स्वास्थ्य प्रणाली

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** ग्लोबल फार्मा कंपनी, लुपिन लिमिटेड की सीएसआर शाखा, लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन (लुपिन फाउंडेशन), ने राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर दो दिवसीय राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया। 25-26 मार्च, 2025 को जयपुर में आयोजित हुई इस वर्कशॉप में सम्पूर्ण राजस्थान के जिला अस्पतालों के सीनियर मेडिकल ऑफिसर्स ने हिस्सा लिया। लुपिन फाउंडेशन के लाइव्स प्रोग्राम के तहत आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना और बढ़ती गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) की चुनौती से निपटना है। इसमें 60 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों को हाइपरटेंशन, कोरोनरी आर्टरी डिजिज, सीओपीडी और अस्थमा जैसी बीमारियों की सही पहचान और उपचार के नए दिशा-निर्देशों पर ट्रेनिंग दी गई। सत्र का नेतृत्व वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. नरेश मुनोत (कार्डियोलॉजिस्ट) और डॉ. अपर्णा बिराजदार (पल्मोनोलॉजिस्ट) ने किया।

वर्कशॉप का उद्घाटन डॉ. सुनील सिंह (संयुक्त निदेशक, गैर-संक्रामक रोग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार) और तुषारा शंकर (हेड-सीएसआर, लुपिन) द्वारा किया गया। अन्य प्रमुख उपस्थित अधिकारीयों में अरुण वशिष्ठ (राज्य कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार), डॉ. नचिकेत सुले (हेड-हेल्थकेयर, लुपिन फाउंडेशन) और रवि दाधिच (जिला कार्यक्रम प्रबंधक, हेल्थकेयर, लुपिन फाउंडेशन) शामिल थे। उनकी उपस्थिति राज्य में सार्वजनिक स्वाथ्य प्रणाली को सुधारने में एक महत्वपूर्ण पहल को दर्शाती है। राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग के गैर-संक्रामक रोगों के संयुक्त निदेशक, डॉ. सुनील सिंह ने कहा गैर-संक्रामक रोगों का बढ़ना हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती है। यह वर्कशॉप हमारे डॉक्टरों को इन बीमारियों से निपटने के लिए नई जानकारी और कौशलयुक्त करने में सहायता करेगी

# 11 अप्रैल को होगा पेंशनर्स समाज की कार्यकारिणी का चुनाव

**बाड़ी ।** पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुरेश चंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में स्थान परशुराम धर्मशाला में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे पेंशनर्स सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो जाने के कारण नवीन कार्यकारिणी का चुनाव 11 अप्रैल 2025 को कराए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसमें आगामी 11 अप्रैल को चुनाव का कार्यक्रम के तहत 3 से 4 बजे तक आवेदन प्रस्तुत होंगे, 4 बजे से 5 बजे तक आवेदन वापस लेने एवं 5 बजे से यदि वोटिंग की आवश्यकता हुई तो वोटिंग करायी जाएगी । जिसको लेकर बाड़ी पेंशनर समाज की सभी सदस्यों को 11 अप्रैल 2025 को निर्धारित समय से आधा घंटे पूर्व परशुराम धर्मशाला बाड़ी मैं उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की सूचना कर दी गई है। बैठक सुरेंद्र सिंह परमार, वीरेन्द्र सिंह परमार, दाऊदयाल शर्मा, अखिलेश सारस्वत, माता प्रसाद भारद्वाज, रामबाबू शर्मा, ज्योति प्रसाद पचौरी, नारायण सिंह कुशवाहा, ओमप्रकाश भंडारी, महेश चंद भाटेले, नगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण प्रसाद शर्मा ने किया।




# ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 3 अप्रेल को आयोजित

**धौलपुर।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 3 अप्रेल को प्रातः11 बजे से किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी द्वारा ग्राम पंचायत विरोंधा की जनसुनवाई में भाग लिया जायेगा।

# जिला राजपूत सभा के सदस्य मनोनीत

**धौलपुर।** जिला राजपूत सभा के चुनाव कराये के लिए चुनाव अधिकारी रविन्द्र सिंह परमार गढ़ी सुक्खा ने चुनाव समिति का गठन कर सदस्यों का मनोनयन किया है। समिति में संजू सिंह जादौन झिरी तहसील सरमथुरा, रविन्द्र सिंह हथवारी राजाखेड़ा, चतुर सिंह तौमर सूबेदार का पुरा, केशव सिंह सिकरवार भौडिया, राधेश्याम सिंह परमार बौरेली, मुनेश सिंह धाकरे खेड़ा सदस्य मनोनीत किया है।

# ऊर्जा को सकारात्मक कार्य में लगायें



**एसके मंगल**

व्यक्ति राग में विराग देखता है, यह कई कारणों से हो सकता है। जीवन के अनुभवों से यह समझ आती है कि सभी प्रकार के आकर्षण या राग अस्थायी हैं। इससे व्यक्ति में विराग की भावना उत्पन्न होती है। आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराएं जैसे बौद्ध धर्म या वेदांत राग को दुख का मूल मानती हैं और विराग को मुक्ति का मार्ग। इसलिए, राग में भी विराग देखना एक तरह से आध्यात्मिक विकास का हिस्सा हो सकता है। कभी-कभी, जीवन में हुई पीड़ा या निराशा से व्यक्ति राग के प्रति उदासीन हो जाता है। यह विराग की भावना उन चीजों के प्रति उत्पन्न होती है जो पहले आकर्षण का कारण थीं। समय के साथ, व्यक्ति को यह समझ आती है कि सब कुछ नश्वर है। यह समझ राग को कम कर सकती है और विराग की भावना को बढ़ा सकती है। कभी-कभी, मनोवैज्ञानिक स्थितियां जैसे अवसाद या चिंता भी राग को कम कर सकती हैं, जिससे व्यक्ति विरागी हो जाता है। ये कारण व्यक्ति के जीवन के अनुभव, उनके आध्यात्मिक या दार्शनिक विश्वास, और उनकी मानसिक स्थिति पर निर्भर करते हैं। राग में विराग की भावना से मुक्ति पाने के लिए कई तरीके अपनाए जा सकते हैं, जो स्थिति और रुचि पर निर्भर करते हैं। आत्म-जागरूकता सबसे पहले यह समझें कि राग और विराग की भावनाएं कहां से उत्पन्न हो रही हैं। मेडिटेशन या आत्म -निरीक्षण से मन के पैटर्न को समझ सकते हैं और नियंत्रित कर सकते हैं। राग और विराग के बीच संतुलन ढूंढना महत्वपूर्ण है। न तो पूरी तरह से आसक्ति में डूब जाएं और न ही पूरी तरह से उदासीन हो जाएं। मध्यम मार्ग अपनाने से मन शांत रहता है। आध्यात्मिकता में रुचि रखते हैं, तो योग, प्राणायाम, या भक्ति के माध्यम से मन को शांत और स्थिर किया जा सकता है। यह राग और विराग के चक्र से ऊपर उठने में मदद करता है। समय और ऊर्जा को रचनात्मक या सकारात्मक कार्यों में लगाएं जैसे कला, सेवा, या कोई शौक। इससे मन व्यस्त रहता है और अनावश्यक विचारों से मुक्ति मिलती है। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो जीवन में उत्साह और संतुलन रखते हों। अच्छी संगति से मन में सकारात्मकता आती है और विराग की नकारात्मक भावना कम हो सकती है। अतीत के राग या भविष्य की चिंता को छोड़कर वर्तमान क्षण में जीने की कोशिश करें।

# भजनलाल सरकार ने दो फीसदी डीए बढ़ाया, 8 लाख कर्मचारियों व 4.40 लाख पेंशनर्स को होगा लाभ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** केंद्र के बाद अब राजस्थान सरकार ने भी कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता बढ़ाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 7वें वेतनमान का लाभ ले रहे कर्मचारियों के डीए में दो फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी साझा की है। सीएम की मंजूरी के बाद वित्त विभाग ने इस बाबत आदेश जारी कर दिए हैं।



कर्मचारियों और पेंशनर्स को 1 जनवरी से बढ़े हुए डीए का लाभ मिलेगा। इसका फायदा प्रदेश के 8 लाख कर्मचारियों और 4.40 लाख पेंशनर्स को होगा। तीन महीने का डीए कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जमा होगा। अप्रैल से बढ़े हुए डीए का नकद भुगतान होगा।

प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में 66 करोड़ से अधिक की लागत से करवाए जाएंगे विभिन्न विकास कार्य

प्रदेश की कृषि मंडियों में आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य सरकार निरन्तर महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों के मंडी यार्ड में विद्युत, मरम्मत, नवीन निर्माण कार्यों एवं संपर्क रोड के निर्माण के लिए 66 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

मुख्यमंत्री शर्मा के इस निर्णय से भादरा, टिब्बी, रावतसर, गोलूवाला, इटावा, जैतसर, सादुलशहर एवं श्रीकरणपुर कृषि उपज मंडियों में लगभग 12 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से विभिन्न यार्ड विकास के कार्य किए जाएंगे। कोटपूतली, सुमेरपुर, सूरतगढ़, कोटा (अनाज), श्रीगंगानगर (अनाज), नागौर और गोलूवाला मंडियों में लगभग 39 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से संपर्क सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। इसी प्रकार सादुलपुर, सुमेरपुर, श्रीगंगानगर (अनाज) मंडियों के कृषि यार्ड में लगभग 7 करोड़ 80 लाख रुपये से विद्युत संबंधी कार्य, उदयपुर (अनाज) और हनुमानगढ़ मंडियों में लगभग 6 करोड़ 11 लाख के निर्माण एवं विद्युत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त खेरली मंडी में एक ऑयल टेस्टिंग मशीन की खरीद पर 16 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। इन कार्यों से मंडी प्रांगण में आधारभूत संरचनाएं सुदृढ़ होने के साथ ही, किसानों एवं मजदूरों के लिए सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

# जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है।



फाइल फोटो

अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करना तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाये। सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं। प्रचार-प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा रेपिड रेस्पांस टीम एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा।

### यह है लक्षण

शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

### जरूरी है सावधानी

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आमजन से भीषण गर्मी के चलते अहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय हाई रिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। नरेगा अथवा अन्य श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे ताकि श्रमिक थोड़ी-थोड़ी देर में छायादार स्थानों पर विश्राम कर सकें।

# पीड़ित को न्याय मिले यही मेरे जीवन की प्राथमिकता- सतीश चंद

### अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** सर्व समाज द्वारा सोमवार को मयूरी फार्म हाउस पर सेवानिवृत जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद का भव्य नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया

समारोह में अतिथि के रूप में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश रेखा यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश सावित्री आनंद निर्भीक की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत जिला न्यायाधीश सतीश चंद ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिले यही मेरे जीवन कि प्राथमिकता रही है। हमें सदैव मानव सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने अपने न्यायिक सेवा के अनुभवों को उपस्थित जनसमूह के साथ साझा किया तथा धौलपुर के सर्व समाज के उनके प्रति स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। समारोह में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आरएस गर्ग ने न्यायाधीश सतीश चंद के सौम्य चरित्र की प्रशंसा करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। समारोह को अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, समाजसेवी नेमीचंद अग्रवाल, ब्रजेश शर्मा, ऋषि मित्तल, वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल भार्गव, भाजपा नेता रामकुमार गर्ग ने सम्बोधित किया। समारोह का संचालन रेडक्रॉस के सचिव संजीव श्रीवास्तव ने किया। समारोह में डॉ. महावीर सिंह दुबे, मुरारी लाल सिंघल, गौरी शंकर अग्रवाल, नेमीचंद अग्रवाल, डॉ. केके अग्रवाल, मुरारी लाल यादव, डॉ. चेतराम मीना, डॉ. विमल गुप्ता, डॉ. अनिल बंसल, राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव सोमेन्द्र तिवारी, भूपेंद्र राना, रोहिल सरीन, विमल भार्गव, जितेंद्र सिंह रजोरिया, राजस्थान नर्सिंग संघ के अध्यक्ष मदेरणा, विश्व हिन्दू परिषद भरतपुर के अध्यक्ष सैनी, मुक्तिधाम के अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़, वरिष्ठ अधिवक्ता रघुनाथ प्रसाद शर्मा, शिवशंकर गर्ग, मुकेश गोयल, नरेंद्र तोमर, धर्मेंद्र सिकरवार, मुकेश बंसल, विनोद सोलंकी, केके बंसल, डॉ. बीडी जिंदल, डॉ. हरिओम गर्ग, डॉ. बृजमोहन मंगल, प्रेम मंगल, संजय अग्रोहा, प्रदीप वर्मा, विजय शर्मा, सचिन सेडवाल, पार्षद चन्द्रमोहन त्रिवेदी, मंजरी फाउंडेशन के संजय शर्मा, अमित जादौन, अखिलेश गोयल, विनोद अग्रवाल, रामकिशोर पाठक, मुकेश राना, कन्हैया लाल शर्मा, रामनिवास अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



» धौलपुर - समारोह के दौरान न्यायाधीश सतीश चंद को फूलो का हार पहनाते हुए



» धौलपुर - भजन संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार

# चैत्रीय नवरात्र में माता रानी के मेले में रात्रि जागरण

### वृंदावन से आई साध्वी पूर्णिमा किशोरी की भजन संध्या, श्रद्धालु और दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में नगर पालिका द्वारा राज्य राजेश्वरी के मंदिर पर चैत्रीय नवरात्र में नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के प्रथम दिन सोमवार को जहां मेले में ध्वजारोहण के साथ मेले का आगाज किया गया। वहीं रात में वृंदावन धाम से आई साध्वी पूर्णिमा किशोरी की भजन संध्या रखी गई। जिसमें जब साध्वी ने भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रोता और श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा।

मंच संचालन कर रहे बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि नगर पालिका द्वारा आयोजित जगदंबा महोत्सव के प्रथम दिन भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन धाम से आई साध्वी पूर्णिमा किशोरी और उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में धौलपुर की नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने शिरकत की। इस दौरान मंच पर अन्य अतिथियों के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता रवि पचौरी, समाजसेवी विष्णु मासलपुरिया और मनोज मोदी भी मौजूद रहे। मेला अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष होतम सिंह, वाइस चेयरमैन अहमद जमा खां और पार्षद गण मौजूद रहे।

# धौलपुर एक्सईएन खंड क्षेत्र में वित्तीय वर्ष में अब तक की रिकार्ड 101 प्रतिशत राजस्व वसूली

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने के बाद डिस्कॉम के उपखंड व खंड कार्यालय क्षेत्र मे हासिल हुई राजस्व वसूली का आकलन किया जा रहा है। डिस्कॉम ने सभी उपखंड, खंड व वृत्त कार्यालय क्षेत्र मे 100 प्रतिश राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। उपभोक्ताओं को पुराने लंबित वीसीआर व कनेक्शन पर बकाया बिल राशि के जमा कराने की स्थिति मे बिल की गडबड़ी को संशोधित कर लाभान्वित करने को ध्यान में रखते हुए डिस्कॉम कार्मिकों ने फील्ड में जमकर मेहनत भी की। जिससे राजस्व तो 100 प्रतिशत हुआ ही साथ ही उपभोक्ताओं को भी बड़ी संख्या में सरकार की योजनाओं का फायदा मिला। धौलपुर खंड कार्यालय ने धौलपुर शहर,धौलपुर ग्रामीण व राजाखेड़ा में राजस्व वसूली 100 प्रतिशत से अधिक हासिल की है। धौलपुर एक्सईएन विवेक शर्मा के नेतृत्व में धौलपुर शहर, ग्रामीण व राजाखेड़ा उपखंड मे कार्यरत अभियंता, राजस्व अधिकारी व बिजली कर्मचारियो ने दिन-रात मेहनत कर डिस्कॉम द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली अर्जित की है।डिस्कॉम अभियंताओं ने बिजली घरों पर शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं से मौके पर बकाया राशि जमा कराई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में हजार से अधिक पुराने कटे हुए उपभोक्ताओं को राहत मिली वही विभाग को भी 3 करोड़ का राजस्व अर्जित हुआ। अब तक प्राप्त आकडो के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 मे धौलपुर शहर उपखंड मे 100.07 प्रतिशत धौलपुर ग्रामीण में 100.36 प्रतिशत व राजाखेड़ा में 103. 07 प्रतिशत राजस्व वसूली अर्जित की है। वहीं धौलपुर खंड मे 101.08 प्रतिशत राजस्व वसूली हासिल की है जो अब तक का कीर्तिमान है। एक्सईएन धौलपुर विवेक शर्मा ने बताया कि धौलपुर खंड मे इस बार रिकार्ड राजस्व वसूली हासिल की है । वित्तीय वर्ष मे धौलपुर खंड मे 368.63 करोड़ की बिजली बेची गई। जबकि राजस्व 372. 61 करोड़ अर्जित किया। वही धौलपुर शहर उपखंड मे 135.60 करोड़ रूपए की बिजली बेची गई व राजस्व 135.68 करोड़ रूपए अर्जित किया गया। धौलपुर ग्रामीण उपखंड में 120.25 करोड़ रूपए की बिजली बेची गई व राजस्व 120.69 करोड़ रूपए अर्जित किया गया। राजाखेड़ा उपखंड मे 112.79 करोड़ रूपए की बिजली बेची गई व राजस्व 116. 25 करोड़ रूपए अर्जित किया गया। डिस्कॉम सीएमडी आरती डोगरा द्वारा धौलपुर में रिकार्ड राजस्व वसूली को सराहा गया है। वही धौलपुर जिले में पहिली बार 100 प्रतिशत राजस्व वसूली होने पर डिस्कॉम में चर्चा हे।





» धौलपुर...हिन्दू नववर्ष मिलन समारेह के दौरान जानकारी देते हुए

# हिंदू नव वर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** सेवा भारती धौलपुर द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्रों का हिंदू नव वर्ष मिलन कार्यक्रम खिड़की मोहल्ला, गांधीनगर , पुराना शहर धौलपुर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर संस्कार केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बालकों के द्वारा सामाजिक एवं राष्ट्रीय गीत, दीप मंत्र, भोजन मंत्र, कल्याण मंत्र, गायत्री मंत्र, प्रातः स्मरण मंत्र, सरस्वती वंदना, ईश वंदना आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राम अख्त्यार ने बताया कि आज हम सभी को अपना हिंदू नव वर्ष बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाना चाहिए। इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रह्मा जी ने आज से 01 अरब 97 करोड़ 39 लाख 49 हजार109 वर्ष पूर्व सृष्टि की रचना सूर्योदय के साथ की थी।

इस दौरान सुरेश सिंह डॉक्टर सुभाष चंद्र जैन ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला संघ चालक रामअखत्यार, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉक्टर एस सी जैन, सेवा भारती के जिला मंत्री सुरेश सिंह, प्रकल्प प्रमुख भरत सिंह भारती, संस्कार केन्द्रों के बालक, बालिका, शिक्षिका एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



» धौलपुर... विशाल दंगल का दृश्य

# मनिया : विशाल दंगल का आयोजन शेरा ने जीती आखिरी कुश्ती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**मनियां।** कस्बे में मंगलवार को पंचायत की ओर से हेमराम का अड्डा पर दोपहर 2 बजे विशाल दंगल का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाह ने भूमि पूजन कर दंगल का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथि के तौर पर त्रिपुरारी सरपंच विरोधा, प्रताप कुशवाह सरपंच हनौता, पवन जैन सरपंच मनियां, सरपंच विपरपुर सरपंच सुमन जैन, सचिव जितेंद्र शर्मा, पिंकी ठाकुर रहे। दंगल में उत्तर प्रदेश,

मध्य प्रदेश, दिल्ली, बैंगलोर, हरियाणा आदि से आये पहलवानों ने अपने दांव-पेंच आजमाए। दंगल में महिला पहलवान ने भी हुंकार भरी। ग्राम पंचायत मनियां सचिव जितेंद्र ने बताया कि पहली कुश्ती लड्डुओं से शुरू होकर आखिरी कुश्ती 51 हजार रुपए तक छूटी। दंगल में पंजाब के पहलवान को हराकर आखिरी कुश्ती शेरा फतिहाबाद ने जीती है। दंगल में करीब 190 कुश्तियां छोटे स्तर से बड़े स्तर की रखी गई हैं। दंगल में पुलिस प्रशासन द्वारा भारी संख्या में जाप्ता तैनात रहा। मैदान में दर्शक, प्रतियोगी एवं अतिथियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत का धरना-प्रदर्शन कल

धौलपुर। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत का धरना-प्रदर्शन 3 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे से जिला मुख्यालय जिला कलेक्ट्रेट पर आयोजित किया जाएगा।

महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रभात शर्मा एवं जिला महामंत्री जीतेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वेतन विसंगति सम्बन्धि ज्वलंत मांग सहित सत्रह -सूत्रिय मांग-पत्र जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से की गई है।

# पीटीईटी परीक्षा-2025 के लिये 7 अप्रैल तक आवेदन

**धौलपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली पीटीईटी परीक्षा-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल निर्धारित है। जिला समन्वयक डॉ. गिर्राज सिंह मीना ने बताया कि पीटीईटी परीक्षा-2025 15 जून को आयोजित की जायेगी। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाईट एवं ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क राशि रुपये 500/- निर्धारित है।

# पचगांव और छावनी को नगर परिषद में शामिल करने का विरोध

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** धौलपुर में पचगांव और छावनी गांव लोगों ने नगर परिषद में शामिल किए जाने का विरोध जताया। लोगों ने मंगलवार को भाजपा की राजाखेड़ा विधानसभा प्रत्याशी नीरज शर्मा के नेतृत्व जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



लोगों ने बताया कि धौलपुर नगर परिषद ने हाल ही में पचगांव, तगावली और पुरानी छावनी को नगर परिषद में शामिल करने की घोषणा की थी। इस पर आपत्तियां दर्ज कराने के लिए नोटिस जारी किया गया था। नीरज शर्मा ने कहा कि पचगांव और छावनी पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र हैं। यहां नरेगा योजना से रोजगार मिल रहा है। सरकारी स्कूल में बच्चों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। नगर परिषद में शामिल होने से ग्रामीणों को इन लाभों से हाथ धोना पड़ेगा।

लोगों का कहना कि धौलपुर शहर के वार्डों की स्थिति अच्छी नहीं है। नगर परिषद की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। वे अपने गांवों को पंचायत में ही रखना चाहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले पर विचार किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करेंगे।

# कन्यादान में प्राप्त 1,69,500 रुपये का किया दान

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को नया संबल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। समाज द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का महत्वपूर्ण संदेश देना सराहनीय कार्य है। चोटवानी परिवार ने एक अनुकरणीय कार्य करते हुए समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया है। सुशील की सुपुत्री जिज्ञासा का विवाह स्वर्णिम सिंघल के साथ वैशाली नगर, जयपुर के गुरुद्वारे में संपन्न हुआ। विवाह के उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह केसरी बाग बैंक्वेट, क्विंस रोड, जयपुर में सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर चोटवानी परिवार ने सोच बदलो गांव बदलो टीम, नादौती द्वारा संचालित उत्थान कोचिंग संस्थान के बच्चों के उत्थान के लिए कन्यादान में प्राप्त राशि 1,69,500 का महादान कर समाज के लिए एक मिसाल कायम की। इस महान कार्य के माध्यम से उन्होंने नारी शिक्षा और सशक्तिकरण को एक नई दिशा प्रदान कर प्रेरणा का संदेश दिया है।



### महादान से मिलेगा बेटियों को संबल

इस पुण्य कार्य से उत्थान कोचिंग संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रही बालिकाओं को बेहतरीन सुविधाएं एवं संसाधन उपलब्ध होंगे, जिससे वे अपने भविष्य को संवार सकेंगी। चोटवानी परिवार का यह योगदान समाज में बेटियों की शिक्षा और सम्मान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

इस शुभ अवसर पर शैलेन्द्र कुमार मीना ने अपनी धर्मपत्नी अंजना मीना, सोनाली मीना, तथा जेपी बुनकर (संस्थापक - जेपी फुटपाथ क्लासेस, जयपुर) के साथ इस पावन समारोह में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों से आए फूड सिक्योरिटी ऑफिसर्स से मुलाकात भी हुई, जिससे शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

### समाजोपयोगी योगदान के लिए जताया आभार

हिमानी फाउंडेशन, नादौती एवं सोच बदलो गांव बदलो टीम चोटवानी परिवार के इस नेक कार्य के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हैं। उनका यह प्रेरणादायी कदम समाज में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक होगा और अनेक लोगों को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। चोटवानी परिवार को इस महान योगदान हेतु हार्दिक धन्यवाद एवं नवविवाहित जोड़े जिज्ञासा एवं स्वर्णिम सिंघल को सुखद वैवाहिक जीवन की अनंत शुभकामनाएँ दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।